
# नेशनल प्रेस टाइम्स

नेशनल प्रेस टाइम्स NPT नेशनल दैनिक हिंदी न्यूज़ पेपर

नई दिल्ली, गुरुवार
27 फरवरी 2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 10, अंक : 341 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579

# महाकुंभ में बने रिकॉर्ड: 44 दिन में 65 करोड़+भक्तों ने लगाई डुबकी

## यह सिर्फ भारत-चीन की आबादी से कम

प्रयागराज। इस बार महाकुंभ में क्या-क्या रिकॉर्ड बने हैं? संख्या के लिहाज से यह आयोजन कितना बड़ा है। बीते 44 दिनों में प्रयागराज की जनसंख्या कितने देशों की आबादी से ज्यादा रही है? इसके अलावा इस महाकुंभ में ऐसे कौन से रिकॉर्ड हैं, जो गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में जगह बना सकते हैं। आइये जानते हैं...

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में इस साल हुए महाकुंभ में कई रिकॉर्ड बने हैं। बीते 44 दिनों में 65 करोड़ से ज्यादा भक्तों ने महाकुंभनगरी पहुंचकर संगम में डुबकी लगाई है। अगर संख्या के लिहाज से बात करें तो यह भारत की कुल आबादी का 50 फीसदी से ज्यादा है। यानी आधे से ज्यादा भारत इस बार महाकुंभ में डुबकी लगा चुका है। इतना ही नहीं इस महाकुंभ में इस बार और भी कई रिकॉर्ड बने हैं।




ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर इस बार महाकुंभ में क्या-क्या रिकॉर्ड बने हैं? संख्या के लिहाज से यह आयोजन कितना बड़ा है। बीते 44 दिनों में प्रयागराज की जनसंख्या कितने देशों की आबादी से ज्यादा रही है? इसके अलावा इस महाकुंभ में ऐसे कौन से रिकॉर्ड हैं, जो गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में जगह बना सकते हैं। आइये जानते हैं...

**दुनिया के किसी आयोजन में सबसे बड़े जुटाव का रिकॉर्ड**

भारत की आबादी के चलते यहां होने वाले कई आयोजनों में लाखों लोगों की संख्या देखी जाती है। हालांकि, कुंभ मेलों में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए लोगों का समागम देखते ही बनता है। यही वजह है कि दुनिया के कुछ सबसे बड़े जुटावों में 2025 के महाकुंभ मेले से पहले 2019 को प्रयागराज में हुआ अर्ध कुंभ, 2013 में प्रयागराज में हुआ कुंभ और 2010 में हरिद्वार में हुआ कुंभ शामिल है।

चौंकाने वाली बात यह है कि दुनिया में किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या अन्य आयोजनों में इतनी भीड़ नहीं जुटी है। उदाहरण के लिए सऊदी अरब में हर साल होने वाले हज में करीब 25 लाख मुस्लिम मक्का में एकत्रित होते हैं। दूसरी तरफ इराक में हर साल होने वाले अरबईन में दो दिन में 2 करोड़ से अधिक तीर्थयात्री जुटते हैं।

प्रयागराज में 44 दिन में जुटे श्रद्धालुओं की संख्या दुनिया के 231 देशों की आबादी से ज्यादा है। सिर्फ भारत और चीन की आबादी ही प्रयागराज पहुंचे लोगों की संख्या से ज्यादा रही। जहां भारत की अनुमानित आबादी 145 करोड़ है, वहीं चीन की अनुमानित जनसंख्या 141 करोड़ है। **शेष पेज 2 पर**

# यूपी में मंत्रिमंडल विस्तार: दो से तीन मंत्रियों की हो सकती है छुट्टी

## ब्राह्मण हो सकता है अगला पार्टी अध्यक्ष

लखनऊ। यूपी में अगले कुछ दिनों में मंत्रिमंडल विस्तार हो सकता है। जिसमें नये चेहरों को मौका मिल सकता है। वहीं, जिन मंत्रियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतें हैं उनकी छुट्टी की जा सकती है।

यूपी में अगले आठ से 10 दिन में मंत्रिमंडल विस्तार हो सकता है। नए मंत्रिमंडल में तीन से चार नए चेहरों को शामिल किया जा सकता है। वहीं, खराब प्रदर्शन और भ्रष्टाचार की शिकायतों के आधार पर दो से तीन मंत्रियों की छुट्टी हो सकती है। मंत्रिमंडल फेरबदल में कई मंत्रियों के विभाग भी बदले जाएंगे और 75 पार हो चुके नेताओं को आराम दिया जाएगा। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने राज्यस्तर से फीडबैक लेने के बाद अपना होमवर्क पूरा कर




लिया है। मंत्रिमंडल में पश्चिमी यूपी की हिस्सेदारी बढ़ेगी।

मंत्रिमंडल में नये चेहरों को मौका देने का उद्देश्य कार्यकताओं को 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए संदेश देना भी है कि पार्टी के निष्ठावान कार्यकताओं की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी। अभी हाल ही में सम्पन्न हुए विधानसभा उपचुनाव में भाजपा ने प्रतिष्ठित मिल्कीपुर सीट सहित 10 में से आठ सीटों पर जीत दर्ज की थी।

**ब्राह्मण हो सकता है भाजपा का अगला प्रदेश अध्यक्ष**-भाजपा का अगला प्रदेश अध्यक्ष ब्राह्मण समाज से हो सकता है जिसकी घोषणा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा से पहले हो सकती है। बता दें कि पहले भी इस तरह के अनुमान लगाए जा रहे थे कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा के नये अध्यक्ष की घोषणा हो सकती है।

**शेष पेज 2 पर**

# केजरीवाल, सिसोदिया और संजय सिंह का क्या होगा? शराब घोटाला मामले में कोर्ट ने ईडी को दिया निर्देश



दिल्ली। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने 25 फरवरी को कई आरोपी व्यक्तियों के आवेदनों के बाद आदेश पारित किया, जिन्होंने दावा किया था कि उन्हें मामले में दायर आरोपपत्र से संबंधित कुछ दस्तावेज नहीं मिले हैं।

दिल्ली की एक अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को उत्पाद शुल्क नीति में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपियों को महत्वपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इस मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत आप नेता मनीष सिसोदिया और संजय सिंह शामिल हैं। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने 25 फरवरी को कई आरोपी व्यक्तियों के आवेदनों के बाद आदेश पारित किया, जिन्होंने दावा किया था कि उन्हें मामले में दायर आरोपपत्र से संबंधित कुछ दस्तावेज नहीं मिले हैं।

**शेष पेज 2 पर**

# मित्र ट्रम्प से मुलाकात के बाद अब रूस जाएंगे पीएम मोदी

## विक्ट्री डे परेड के बन सकते हैं मुख्य अतिथि

**नई दिल्ली।** रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि रेड स्क्वायर पर परेड में भारतीय सशस्त्र बलों की एक औपचारिक इकाई की भागीदारी पर भी काम किया जा रहा है। विशेष रूप से, भारतीय दल को रिहर्सल के लिए परेड से कम से कम एक महीने पहले पहुंचना होगा।

महान देशभक्तिपूर्ण युद्ध में विजय की 80वीं वर्षगांठ में भाग लेने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के 9 मई को रूस जाने की उम्मीद है। रूसी मीडिया ने बुधवार को इस बात की जानकारी दी है। रूसी समाचार एजेंसी ळअरर ने सैन्य सूत्रों के हवाले से दावा किया कि पीएम मोदी के दौरे की 'उच्च संभावना' है। टीएएसएस की रिपोर्ट के अनुसार, एजेंसी के सूत्र ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 मई को मॉस्को में होने वाली परेड में



शामिल होने की योजना बना रहे हैं। इसकी अत्यधिक संभावना है।"

रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि रेड स्क्वायर पर परेड में भारतीय सशस्त्र बलों की एक औपचारिक इकाई की भागीदारी पर भी काम किया जा रहा है। विशेष रूप से, भारतीय दल को रिहर्सल के लिए परेड से कम से कम एक महीने पहले पहुंचना होगा। इससे पहले, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा था कि कई आमंत्रित देशों ने महान देशभक्तिपूर्ण युद्ध में विजय की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर 9 मई को मास्को में आगामी कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रेस सचिव दिमित्री पेसकोव ने कहा कि 9 मई के जश्न में भाग लेने के लिए सीआईएस ही नहीं बल्कि विभिन्न देशों के विदेशी नेताओं को मास्को में आमंत्रित किया जाएगा। पिछले अक्टूबर में, पीएम मोदी ने पुतिन के निमंत्रण पर 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस का दौरा किया था, जिसकी अध्यक्षता मॉस्को कर रहा था। पीएम मोदी की आगामी रूस यात्रा इसलिए महत्व रखती है क्योंकि यह ऐसे समय में हो रही है जब रूस और यूक्रेन दोनों युद्ध समाप्त करने की दिशा में बातचीत में लगे हुए हैं।

भारत शांति के लिए प्रतिबद्ध है और रूस और यूक्रेन के बीच शत्रुता समाप्त करने की वकालत करता है। इससे पहले पुतिन की मौजूदगी में पीएम मोदी ने रूस-यूक्रेन संघर्ष पर बोलते हुए जोर देकर कहा, यह युद्ध का युग नहीं है। हाल में ही मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ मुलाकात की थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ मीडिया को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि भारत रूस-यूक्रेन संघर्ष में तटस्थ नहीं है क्योंकि वह शांति का पक्षधर है।

# बिहार में नीतीश कैबिनेट का हुआ विस्तार, बीजेपी के 7 विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ



पटना। भाजपा ने परंपरागत रूप से प्रतिद्वंद्वी पार्टियों के प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में पकड़ हासिल करने के लिए राजपूत, भूमिहार, कुर्मी और ओबीसी समुदायों सहित विभिन्न जातियों का प्रतिनिधित्व करने पर रणनीतिक रूप से ध्यान केंद्रित किया है।

बिहार कैबिनेट विस्तार के तहत बुधवार को राजभवन में सात मंत्रियों ने शपथ ली। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मौजूदगी में संजय सरावगी, सुनील कुमार, जिबेश मिश्रा और विजय कुमार मंडल समेत सात नये विधायकों ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली। कैबिनेट विस्तार में जातिगत समीकरणों का विशेष ध्यान रखा गया है। नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले सात विधायक हैं संजय सरावगी (दरभंगा), सुनील कुमार (बिहारशरीफ), जिबेश कुमार (जाले), राहु कुमार सिंह (साहेबगंज), मोती लाल प्रसाद (रीगा), विजय कुमार मंडल (सिकटी) और कृष्ण कुमार मंटू (अमनौर)।

**शेष पेज 2 पर**

# विश्व बैंक भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रति उत्साहित एडवांटेज असम में देश की क्षमता पर जताया भरोसा

नई दिल्ली । विश्व बैंक ने बुधवार को भारतीय अर्थव्यवस्था में दृढ़ विश्वास व्यक्त किया और सभी से देश में आकर निवेश करने की अपील की। एडवांटेज असम 2.0 बिजनेस समिट में बोलते हुए विश्व बैंक के कंट्री डायरेक्टर ऑगस्टे तानो कोउमे ने कहा कि विकास में मामूली गिरावट के बावजूद, ऋणदाता भारत की आर्थिक संभावनाओं के बारे में आशावादी बना हुआ है। भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में कोउमे ने आगे क्या कहा, आइए जानें।

विश्व बैंक ने बुधवार को भारतीय अर्थव्यवस्था में दृढ़ विश्वास व्यक्त किया और सभी से देश में आकर निवेश



करने की अपील की। एडवांटेज असम 2.0 बिजनेस समिट में बोलते हुए विश्व बैंक के कंट्री डायरेक्टर ऑगस्टे तानो कोउमे ने कहा कि विकास में मामूली गिरावट के बावजूद, ऋणदाता भारत की आर्थिक संभावनाओं के बारे में आशावादी बना हुआ है।

उन्होंने कहा, "हम इस समय भारत की वृद्धि को लेकर चिंतित नहीं हैं। हम भारत को लेकर बहुत आशावादी हैं और आशावादी बने रहेंगे।" उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आर्थिक विकास में एक प्रतिशत का उतार-चढ़ाव विश्व बैंक के सकारात्मक दृष्टिकोण को नहीं बदलता।

उन्होंने कहा, यदि कोई हालिया आंकड़ों से चिंतित है, तो हम कहना चाहेंगे कि चिंता न करें। **शेष पेज 2 पर**

**सोने की कीमत** ■ सोने की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के क्या कारण?

# कैसे तय होता है भाव, क्या है ट्रंप कनेक्शन

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में सोने की कीमत फरवरी में 2,900 डॉलर प्रति औंस से ऊपर एक नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। इस साल की शुरूआत से अब तक अब तक सोने का भाव 12 प्रतिशत तक चढ़ा है। 20 फरवरी को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। सोने की कीमत में लगातार इजाफा होने के क्या कारण हैं, इसकी कीमतें कैसे तय होती हैं, अमेरिका में ट्रंप सरकार के फैसले सोने के भाव पर कैसे असर डाल रहे हैं, आइए जानते हैं सबकुछ।

वैश्विक बाजार में सोने की कीमत फरवरी में 2,900 डॉलर प्रति औंस से ऊपर एक नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। इस साल की शुरूआत से अब तक अब तक सोने का भाव 12 प्रतिशत तक चढ़ा है। भारत की बात करें तो दिल्ली में सोने की कीमत मंगलवार को 250 रुपये मजबूत होकर 89,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले 20 फरवरी को 99.9 प्रतिशत और



99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत क्रमशः 89,450 रुपये और 89,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी।

सोने की कीमत में लगातार इजाफा होने के क्या कारण हैं, इसकी कीमतें कैसे तय होती हैं, अमेरिका में ट्रंप सरकार के फैसले सोने के भाव पर क्या असर डाल रहे हैं, आइए जानते हैं सबकुछ।

**2024 में सोने की कीमतों में कितना इजाफा हुआ?**

बीते एक महीने में सोने का प्रदर्शन भारत, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के शेयर बाजारों से भी बेहतर रहा है। भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक बीएसई सेंसेक्स की बात करें तो इसमें बीते एक महीने के दौरान 1.01% की गिरावट दर्ज की गई है। एक महीने में अमेरिकी शेयर सूचकांक एसएंडपी500 में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और वहीं, ऑस्ट्रेलिया के शेयर बाजार सूचकांक एएसएक्स 200 ने भी महज 2 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। बीते एक महीने में सोने की कीमतों की बात करें तो इसमें करीब 8% तक का इजाफा हुआ है। इससे पहले 2024 में भी सोने ने लोगों को मालामाल किया था। बीते साल बहुमूल्य धातु की कीमत में असाधारण उछाल आया था, इसमें 27 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी, जो 14 वर्षों में की सबसे बड़ी वृद्धि है।

**सोने की हालिया तेजी का कारण क्या है?**

सोने की कीमतों के उछाल में कई कारण महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बीते एक डेढ़ वर्षों में सोने की कीमतों में उछाल के कई मुख्य कारण हैं।

**शेष पेज 2 पर**

# दिल्ली में अज बरसेंगे बदरा, 2 मार्च से उत्तर-पश्चिम भारत में नया पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



नई दिल्ली। हवा की गति कम होने से राजधानी की हवा खराब श्रेणी में पहुंच गई है। बुधवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 247 दर्ज किया गया।

राजधानी में बृहस्पतिवार को कोहरा छाया रह सकता है। ऐसे में आसमान में बादल छाए रहेंगे और गरज के साथ हल्की बारिश होने की आशंका है। इस दौरान 20-30 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलेंगी। ऐसे में अधिकतम तापमान 26 और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। इसके चलते सुबह व शाम ठिठुरन बढ़ेगी। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में बदलाव आया है। वहीं, मौसम विभाग की मानें तो 2 मार्च से उत्तर-पश्चिम भारत में एक नया पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना है।

इधर बुधवार को आसमान साफ रहा। सूरज की तपिश ने गर्मी का अहसास कराया। सुबह के समय हल्की ठंड रही, जबकि शाम को लोगों को ठंड का कम अहसास हुआ। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से 6.3 डिग्री सेल्सियस अधिक के साथ 32.4 डिग्री दर्ज किया गया। ऐसे में हवा में आर्द्रता का स्तर 86 और 39 फीसदी रहा। वहीं, न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.9 डिग्री अधिक के साथ 15.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कुछ इलाकों में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया।

रिज में सबसे अधिक तापमान रहा। यहां अधिकतम तापमान 31.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आया नगर में 31.0 व लोधी रोड और पालम में 30.7 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। वहीं, रिज व लोधी रोड में अन्य केंद्र के मुताबिक न्यूनतम तापमान सबसे कम रहा। यहां तापमान 15.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज रहा। आया नगर 15.8 और पालम में 17.0 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

**हवा की गति कम होने से एक्यूआई खराब श्रेणी में दर्ज-** हवा की गति कम होने से राजधानी की हवा खराब श्रेणी में पहुंच गई है। बुधवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 247 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है। इसमें मंगलवार की तुलना में 39 सूचकांक का इजाफा हुआ। हवा की गुणवत्ता खराब होने से लोगों को आंखों में जलन व हवा में सांस लेने में तकलीफ महसूस की। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का अनुमान है कि अगले दो दिनों तक हवाएं खराब श्रेणी में ही रहेंगी। शनिवार से प्रदूषण का स्तर कम हो सकता है।

**8 से 10 किमी प्रतिघंटे से चलेगी हवा-** सीपीसीबी के मुताबिक, बुधवार को हवा की दिशा पूर्व से दक्षिण-पूर्व के साथ 14 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चली। बृहस्पतिवार यह 8 से 10 किलोमीटर प्रतिघंटे रह सकती है। वहीं, शुक्रवार को हवा की दिशा दक्षिण पूर्व के साथ 16 से 18 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चल सकती है। यही नहीं, शनिवार को हवा की दिशा पूर्व से दक्षिण पूर्व के साथ 12 से 14 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चलने का अनुमान है। ऐसे में लोगों को प्रदूषण से राहत मिलेगा।

**दिल्ली के बाद गुरुग्राम सबसे प्रदूषित-** सीपीसीबी के अनुसार दिल्ली के बाद गुरुग्राम सबसे अधिक प्रदूषित रहा। यहां एक्यूआई 212 दर्ज किया गया। यह हवा कि खराब श्रेणी है। वहीं, फरीदाबाद सबसे कम प्रदूषित रहा। यहां एक्यूआई 122 रहा, जोकि मध्यम श्रेणी में है। इसके अलावा, गाजियाबाद में 210, नोएडा में 163 और ग्रेटर नोएडा में 158 एक्यूआई दर्ज किया गया।

# महाशिवरात्रि के अवसर पर गौरी शंकर मंदिर पहुंचीं दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता





नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महाशिवरात्रि के अवसर पर चांदनी चौक स्थित गौरी शंकर मंदिर में पूजा-अर्चना की।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महाशिवरात्रि के अवसर पर चांदनी चौक स्थित गौरी शंकर मंदिर में पूजा-अर्चना की। उनके साथ भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल भी मौजूद रहे। वहीं, मंत्री आशीष सूद ने महाशिवरात्रि के अवसर पर पहाड़गंज के झंडेवालान मंदिर में पूजा-अर्चना की।

सीएम रेख गुप्ता ने कहा, मैं मेरी ओर से समस्त भारतवासियों को शिवरात्रि के इस महापर्व की बहुत सारी शुभकामनाएं और बधाई। मैं प्रार्थना करती हूं कि भोलेनाथ और मां गौरा का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे और दिल्ली और देश तरक्की करे।

महाशिवरात्रि के अवसर पर भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, ईशिवरात्रि भारतीय संस्कृति का बहुत बड़ा पर्व है। आज दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मैंने दिल्ली के गौरी शंकर मंदिर में पूजा-अर्चना की है। महाशिवरात्रि का पर्व सभी के लिए मंगलमय हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत प्रगति करे, यही कामना हमने प्रभु शिव से की है। पीएम मोदी के नेतृत्व और रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में दिल्ली बहुत जल्दी विकसित हो, प्रभु से यही कामना है।

**बांसुरी स्वराज ने दी महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं**

उधर, भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने महाशिवरात्रि के अवसर पर कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भगवान शिव की पूजा की। महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए भाजपा सांसद ने कहा कि एक अद्भुत ऊर्जा और शांति का अनुभव हुआ है। मां पार्वती और भगवान शिव के मिलन का यह महापर्व प्रकृति में संतुलन का दिन है।

## दिल्ली के कई इलाकों में 1 मार्च तक जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

नई दिल्ली। राजधानी के कई इलाकों में वार्षिक भूमिगत जलाशयों और बूस्टर पंपिंग स्टेशनों की सफाई के कारण 26, 27 और 28 फरवरी को जल आपूर्ति प्रभावित होगी। इसके साथ ही एक मार्च को 12 घंटे के लिए जल आपूर्ति बाधित रहेगी। यह बाधा 900 मिमी व्यास के गैप पीस की मरम्मत और फिटिंग कार्य के कारण होगी। इस दौरान सुबह 8:00 बजे से रात आठ बजे तक पानी की सप्लाई नहीं होगी। ऐसे में दिल्ली जल बोर्ड ने लोगों को पानी का सदुपयोग करने की अपील की है। मुनिरका, बसंत गांव, एम्स, सफदरजंग अस्पताल, एसडीए, सफदरजंग एन्क्लेव, हुमायूंपुर, अर्जुन नगर, कृष्णा नगर, ग्रीन पार्क, हौज खास, किशनगढ़, महरौली, कालू सराय, मस्जिद मोथ, आर के पुरम, गुलमोहर पार्क, आनंद लोक, एशियाड विलेज, सिरी फोर्ट, गौतम नगर और मालवीय नगर सहित कई इलाके इस दौरान प्रभावित होंगे।

# पेज एक का शेष...

## महाकुंभ में बने रिकॉर्ड 44 दिन में 65 करोड़+भक्तों ने लगाई डुबकी

इसके बाद नंबर आता है अमेरिका का, जहां की आबादी महज 34 करोड़ है। यानी महाकुंभनगर में पहुंचे लोगों के मुकाबले सिर्फ आधी।

महाकुंभ में अमेरिका की दोगुनी से ज्यादा, पाकिस्तान की ढाई गुना से अधिक और रूस की चार गुनी से ज्यादा आबादी के बराबर श्रद्धालु यहां अब तक आ चुके हैं। यही नहीं, जापान की पांच गुना आबादी, यूके की 10 गुना से ज्यादा आबादी और फ्रांस की 15 गुना से ज्यादा आबादी ने यहां आकर त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई है।

दूसरी तरफ अगर इस आबादी की अलग-अलग महाद्वीप की जनसंख्या से भी तुलना करें तो यह कई रिकॉर्ड तोड़ती है। मसलन दुनिया में आबादी और क्षेत्रफल के लिहाज से एशिया सबसे बड़ा महाद्वीप है, जबकि ऑस्ट्रेलिया सबसे छोटा महाद्वीप है। प्रयागराज में 44 दिन में जितने श्रद्धालु पहुंचे हैं, वह तीन महाद्वीप-ऑस्ट्रेलिया, उत्तर अमेरिका और दक्षिण अमेरिकी महाद्वीप से ज्यादा रही। वहीं, यूरोप की आबादी से अगर रूस को निकाल दिया जाए तो महाकुंभ में यूरोप से ज्यादा आबादी पहुंची।

प्रयागराज में 44 दिन में पहुंची भीड़ कितने देशों की आबादी से ज्यादा?

प्रयागराज में 44 दिन के अंदर पहुंची भीड़ का आंकड़ा करीब 65 करोड़ पार पहुंच रहा है। आंकड़ों की बात करें तो दुनिया के 234 देशों और रिहायशी द्वीपों के मुकाबले महाकुंभनगरी में 30 दिन के अंदर ही भारत और चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी आबादी के बराबर जमावड़ा हो चुका है। सिर्फ भारत (आबादी 1 अरब 45 करोड़) और चीन (आबादी 1 अरब 41 करोड़) ही इस आंकड़े से आगे हैं। वहीं, अमेरिका (आबादी 34 करोड़ 54 लाख), इंडोनेशिया (28 करोड़ 34 लाख) और पाकिस्तान (25 करोड़ 12 लाख) की आबादी भी प्रयागराज में पहुंचे लोगों से कम ही रही है।

महाकुंभ में बने कौन से रिकॉर्ड गिनीज बुक में हो सकते हैं शामिल

स्वच्छता से जुड़े दो बड़े रिकॉर्ड

1. 24 फरवरी के दिन करीब 15 हजार स्वच्छता कर्मियों ने 10 किलोमीटर क्षेत्र में एक साथ सफाई का रिकॉर्ड बनाया। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड इसे लेकर 28 फरवरी को फैसला दे सकता है।

2. 14 फरवरी को नदी स्वच्छता का रिकॉर्ड बना गया था। उस दिन 300 कर्मचारियों ने नदी की सफाई का रिकॉर्ड बनाया था। गिनीज बुक ने इसे रिकॉर्ड में शामिल किया है।

इससे पहले 2019 के अर्धकुंभ में 10 हजार सफाई कर्मचारियों ने संगम तथा अन्य स्थानों पर एक साथ स्वच्छता अभियान चलाने का रिकॉर्ड बनाया था।

पेंटिंग का रिकॉर्ड

3. हैंड प्रिंटिंग पेंटिंग के जरिए भी महाकुंभ में बना वर्ल्ड रिकॉर्ड

मेले में मंगलवार को हैंड प्रिंटिंग पेंटिंग का भी कीर्तिमान बना। 10,109 हजार लोगों ने महज आठ घंटे में अपने पंजे का छापा लगाकर महाकुंभ के प्रति अपनी आस्था प्रकट करने के साथ विश्व रिकॉर्ड भी बनाया। मेला प्रशासन ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा जो कुंभ 2019 में बनाया गया था।

2019 में साढ़े सात हजार लोगों के हैंड प्रिंट लेने का रिकॉर्ड बना था, जो महाकुंभ 2025 में टूट गया। हैंड प्रिंटिंग पेंटिंग का नया कीर्तिमान बनाने के लिए गंगा पंडाल में कैनवास लगाया था। इसके लिए सुबह 10 से शाम छह बजे तक का समय निर्धारित किया गया था, जिसे लेकर लोगों में खासा उत्साह दिखा।

4. बसों के सबसे बड़े संचालन का रिकॉर्ड

महाकुंभ मेला के आखिरी दिन 700 शटल बसों के एक साथ संचालन का भी विश्व रिकॉर्ड बनाया जाएगा। यहां बसों की परेड कराई जाएगी। मेला प्रशासन इसके माध्यम से अपना ही रिकॉर्ड तोड़ेगा। कुंभ 2019 में 500 बसों के संचालन का रिकॉर्ड बनाया था। इस तरह एक दिन में सर्वाधिक बसों का संचालन कर नया रिकॉर्ड बनाए जाने की तैयारी है।

मौनी अमावस्या पर एक दिन में सबसे बड़े जुटाव का रिकॉर्ड

प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर करीब 7.6 करोड़ लोगों ने डुबकी लगाई। जो कि एक दिन में किसी एक जगह पर लोगों के जुटाव का रिकॉर्ड है। दरअसल, प्रयागराज की आबादी करीब 1 करोड़ है। यानी मौनी अमावस्या के दिन जिले में करीब 8.6 करोड़ लोग पहुंचे थे।

जर्मनी जिसकी आबादी 8 करोड़ से ज्यादा है, मौनी अमावस्या के दिन उसकी आबादी भी प्रयागराज पहुंची भीड़ से कम रही। इसके अलावा यूरोप के सभी देशों की आबादी मौनी अमावस्या के शाही स्नान के लिए जुटी भीड़ से कम थी। जहां ब्रिटेन की आबादी 6 करोड़ 91 लाख है, तो वहीं फ्रांस की जनसंख्या 6.65 करोड़ ही है।

इतना ही नहीं अमेरिका के 54 देशों में से सिर्फ तीन देशों की आबादी ही मौनी अमावस्या पर प्रयागराज से ज्यादा रही। इनमें अमेरिका, ब्राजील और मैक्सिको शामिल हैं। जबकि कोलंबिया, अर्जेंटीना, कनाडा से लेकर उरुग्वे तक महाकुंभ में प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर लोगों की मौजूदगी से कम रहे।

महाकुंभ पर और कौन से बड़े रिकॉर्ड

- महाकुंभ में कुल 44 दिन में 65 करोड़ से ज्यादा लोग पहुंचे। यानी हर दिन 1.5 करोड़ लोगों ने संगम में डुबकी लगाई।

- महाकुंभ के लिए प्रयागराज से 15 हजार से अधिक ट्रेनें चलीं। इनमें बैठकर करोड़ों लोग महाकुंभ पहुंचे।

## यूपी में मंत्रिमंडल विस्तार: दो से तीन मंत्रियों की हो सकती है छुट्टी

दिल्ली में भाजपा ने 27 साल बाद वापसी की है। अब सबकी नजरें भाजपा के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष पर हैं। वहीं, यूपी प्रदेश अध्यक्ष का नाम भी चौंका सकता है।

जल्द जारी होगी जिलाध्यक्षों की सूची-भाजपा के जिलाध्यक्षों की सूची भी जल्द ही जारी की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी इस पर स्थिति स्पष्ट कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव और महाकुंभ के आयोजन की वजह से प्रक्रिया कुछ धीमी हुई। जिलाध्यक्षों की सूची जारी होने में अब कहीं कोई पेंच नहीं है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही जिलाध्यक्षों की सूची जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि सूची जारी होने में जो भी बिंदु सामने आए थे, सभी का निस्तारण हो गया है। भाजपा का संगठन सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी है। समाज के सभी वर्गों में हमारा प्रतिनिधित्व है। उन्होंने कहा कि हमारा ही एक ऐसा संगठन है, जिसमें महिलाओं और अनुसूचित जाति समेत सभी वर्गों के लिए काम करने के समान अवसर दिए गए हैं और आगे भी इसका ख्याल रखा जाएगा।

## बिहार में नीतीश कैबिनेट का हुआ विस्तार, बीजेपी के 7 विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

भाजपा ने परंपरागत रूप से प्रतिद्वंद्वी पार्टियों के प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में पकड़ हासिल करने के लिए राजपूत, भूमिहार, कुर्मी और ओबीसी समुदायों सहित विभिन्न जातियों का प्रतिनिधित्व करने पर रणनीतिक रूप से ध्यान केंद्रित किया है। विशेष रूप से, पार्टी ने मिथिलांचल क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जो आगामी चुनावों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। बीजेपी ने मिथिलांचल से दो सदस्यों को कैबिनेट में शामिल किया है। कृष्ण कुमार मंटू, जो छपरा जिले के अमनौर का प्रतिनिधित्व करते हैं, और विजय मंडल, जो अररिया के सिकटी क्षेत्र से हैं, दोनों से इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में भाजपा की स्थिति मजबूत करने की उम्मीद है।

रणनीतिक रूप से विभिन्न जातियों और क्षेत्रों के सदस्यों को शामिल कर-के, नीतीश कुमार का मंत्रिमंडल सामाजिक न्याय और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहा है, जो राज्य चुनावों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। जाति-आधारित राजनीति पर ध्यान केंद्रित करने के अलावा, भाजपा का लक्ष्य पारंपरिक रूप से लालू यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वोट बैंक में सेंध लगाना है। राजद ने परंपरागत रूप से मुस्लिम-यादव (एमवाई) वोट बैंक से समर्थन हासिल किया है, लेकिन भाजपा की कैबिनेट विस्तार रणनीति न केवल एमवाई वोट बैंक को लक्षित करने के लिए बनाई गई है, बल्कि राजपूत और ओबीसी सहित राजद के प्रति वफादार रहे अन्य समुदायों को भी लक्षित करने के लिए बनाई गई है।

## केजरीवाल, सिसोदिया और संजय सिंह का क्या होगा?

अदालत, वर्तमान में दस्तावेजों की जांच कर रही है, मामले को आगे की कार्यवाही के लिए 3 मार्च को निर्धारित किया है। न्यायाधीश ने कहा, "सुनवाई की अगली तारीख, यानी 3 मार्च को आगे की कार्यवाही के लिए रखा जाए।" दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा उत्पाद शुल्क नीति के कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं की जांच की सिफारिश करने के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा शुरू की गई जांच से मनी लॉन्ड्रिंग का मामला सामने आया।

सीबीआई और ईडी के अनुसार, नीति में संशोधन के दौरान महत्वपूर्ण अनियमितताएं हुईं और कुछ लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। दिल्ली सरकार ने 17 नवंबर, 2021 को विवादास्पद उत्पाद शुल्क नीति लागू की थी, लेकिन भ्रष्टाचार के बढ़ते आरोपों के बीच सितंबर 2022 के अंत तक इसे रद्द कर दिया। अदालत के हालिया आदेश से आरोपियों को उम्मीद है कि आने वाले दस्तावेज मामले पर प्रकाश डालेंगे और चल रही जांच में सहायता करेंगे।

## विश्व बैंक भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रति उत्साहित एडवांटेज असम में देश की क्षमता पर जताया भरोसा

भारत दुनिया में चमकता हुआ प्रकाश है। यदि आप निवेश करना चाहते हैं, तो यहां आएं और निवेश करें। भारत की वृद्धि इसे निवेश के लिए उपयुक्त स्थान बनाती है।" चालू वित्त वर्ष के लिए, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दिसंबर 2024 में आर्थिक वृद्धि का अनुमान 7.2 प्रतिशत लगाया है, जबकि 2023-24 में यह 8.2 प्रतिशत है।

## कैसे तय होता है भाव, क्या है ट्रंप कनेक्शन

वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता और मुद्रास्फीति का भय, जो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ धमकियों के कारण और बढ़ गया है। अमेरिका की ओर से अलग-अलग देशों पर टैरिफ लगाए जाने के एलान के बाद सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की मांग बढ़ी है। दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों की ओर से भी सोने की मांग बढ़ने से कीमतों में उछाल आया है।

सोने की कीमतों में बढ़ोतरी पर क्या है जानकारों की राय?

यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के वित्त विभाग के प्रोफेसर डिर्क बाउर के अनुसार, सोने की खानों से उत्पादन और रिसाइकलिंग के जरिए पीली धातु की आपूर्ति समय के साथ अपेक्षाकृत स्थिर रही है। लेकिन इस तुलना में मांग कहीं ज्यादा परिवर्तनशील है। सोने की कीमतों को प्रभावित करने वाले चार मुख्य घटक हैं- आभूषण, तकनीक, निवेश और केंद्रीय बैंकों की मांग। 2024 में, आभूषणों की कुल मांग में लगभग 50 प्रतिशत हिस्सेदारी रही, प्रौद्योगिकी या औद्योगिक मांग 5 प्रतिशत रही, वहीं निवेश के लि सोने की मांग 25 प्रतिशत और केंद्रीय बैंकों की मांग 20 प्रतिशत रही। निवेश मांग से तात्पर्य उन निवेशकों से है जो इसे एक परिसंपत्ति के रूप में खरीदते हैं। वहीं, केंद्रीय बैंक आम तौर पर अपने रिजर्व होल्डिंग्स में विविधता लाने के लिए सोना खरीदते हैं।

कीमत में उतार-चढ़ाव कभी आभूषणों की मांग से, कभी निवेशकों की मांग से, और कभी-कभी- जैसा कि हाल के महीनों में हुआ है- केंद्रीय बैंक की मांग से संचालित होते हैं। मुश्किल यह है कि सोने की आपूर्ति और मांग दोनों वैश्विक हैं। यह आपूर्ति दुनिया भर की सोने की खदानों, अफ्रीका के उभरते देशों और ऑस्ट्रेलिया व कनाडा जैसे औद्योगिक देशों से आती है। मांग के मामले में भी यही फॉर्मूला लागू होता है। आभूषणों की मांग में चीन और भारत का दबदबा है, लेकिन मांग कई देशों से आती है, साथ ही निवेश की मांग भी कई देशों से आती है। केंद्रीय बैंक की ओर से सोने की मांग भी मांग दुनिया भर के बड़े और छोटे केंद्रीय बैंकों से आती है।

सोने की लोकप्रियता का एक मुख्य कारण यह है कि से एक सुरक्षित भंडार माना जाता है। सोने की कीमतें मुद्रास्फीति के साथ बढ़ती रहती हैं, लंबे समय तक अपना मूल्य बनाए रखती हैं। इससे निवेशकों का पैसा बहुत हद तक महंगाई के असर से अछूता रहता है। दूसरे शब्दों में, एक औंस सोने से आज से 20 साल पहले ही जितनी ही वस्तुएं (या उससे ज्यादा) खरीदी जा सकती हैं। हालांकि यह बाद भारत जैसी विकासशील देशों पर तो लागू होती है पर अमेरिकी या ऑस्ट्रेलियाई डॉलर जैसे मुद्रा (या फिएट करेंसी) के मामले में लागू नहीं होती। मुद्रास्फीति के कारण, पैसे का मूल्य स्थिर नहीं रहता बल्कि समय के साथ घटता जाता है। चूंकि सोना अपना मूल्य बनाए रखता है, इसलिए यह मुद्रास्फीति के प्रभाव से बचा रहता है।

वैश्विक चुनौतियों के समय कैसे बढ़ता है सोने का भाव?

सोने की सुरक्षित संपत्ति माना जाता है। इसका मतलब है कि जब निवेशक किसी झटके या संकट के से मुकाबला कर रहे होते हैं तो वे सुरक्षित निवेश के रूप में सोने को चुनते हैं। ऐसे में खरीदारी बढ़ने से सोने की कीमतें और बढ़ जाती हैं। उदाहरण के लिए, निवेशकों ने 11 सितंबर 2001 के आतंकवादी हमलों, 2008 में वैश्विक वित्तीय संकट की शुरूआत और 2020 में कोविड महामारी की शुरूआत के दौरान प्रतिक्रिया देते हुए बड़े पैमाने पर सोना खरीदा। हालांकि, सोने की कीमतों पर सुरक्षित आश्रय से जुड़ा प्रभाव आमतौर पर अल्पकालिक होता है, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर लगभग 15 दिनों के बाद सोने की कीमतों में गिरावट आ जाती है।

केंद्रीय बैंक सोने की कीमत पर कैसे असर डाल रहे?

फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण और उसके बाद रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों- विशेष रूप से विदेशों में रूस के विदेशी सरकारी बांड होल्डिंग्स को फ्रीज करने के कदम ने सरकारों के लिए विदेशी मुद्रा होल्डिंग्स तक पहुंच खोने का जोखिम पैदा किया। इसे देखते हुए कुछ सरकारों या केंद्रीय बैंकों ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सोने की खरीद बढ़ा दी। इसके असर से 2022 में केंद्रीय बैंकों की ओर से सोने की खरीद 1,082 टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वर्ष 2023 में इतिहास में दूसरी सबसे अधिक वार्षिक खरीद 1,051 टन हुई, इसके बाद 2024 में 1,041 टन सोना केंद्रीय बैंकों की ओर से खरीदा गया। यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के प्रति केंद्रीय बैंकों की संभावित प्रतिक्रिया, सुरक्षित पनाह की तलाश करने वाले निवेशकों के समान है, लेकिन केंद्रीय बैंकों के लिए यह एक नई घटना है।

# धूमधाम के साथ मनाया गया संस्कार किड्स इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बागपत। संस्कार किड्स इण्टरनेशनल स्कूल कोर्ट रोड बागपत में आज विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर डॉ राजकुमार सांगवान सांसद लोकसभा बागपत, डॉ कुलदीप उज्वल पूर्व मन्त्री राज्य सरकार उ प्र एवं सुभाष गुर्जर रालोद जिलाध्यक्ष मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ राजकुमार सांगवान सांसद लोकसभा बागपत, डॉ कुलदीप



उज्ज्वल पूर्व मन्त्री राज्य सरकार उ प्र एवं सुभाष गुर्जर के साथ एम जी गोस्वामी प्रबन्धक एवं रजनी गिरि प्रधानाचार्य द्वारा सरस्वती माता के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में अजय कुमार, डॉ शकील अहमद, बब्बू, विकास मलिक, कुलदीप, लोकेश शर्मा आदि विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों द्वारा अपने संबोधन में विद्यालय को इसी प्रकार निरन्तर शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए जाने हेतु शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा सभी अतिथियों, शिक्षकों, छात्रों और अभिभावको का धन्यवाद ज्ञापित किया और समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली

एनपीटी ब्यूरो

बरेली।भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के निदेशानुसार दिनांक 8 अगस्त से 15 अगस्त तक चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत महात्मा ज्योतिबा फुलेरुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर स्थित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा हर घर तिरंगा अभियान हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के प्रथम सत्र में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि डॉक्टर अजीत कुमार और सुरेश कुमार थे। कार्यक्रम का संचालन



प्रतिमा और सत्यम ने किया ।स्वयंसेवकों ने अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर पवन कुमार सिंह ने हर घर तिरंगा को अपने जीवन का लक्ष्य बताया और राष्ट्रहित हेतु अपने जीवन को निछावर करने के लिए प्रेरित किया ।आम जनमानस को जागरूक करने हेतु एक जागरूकता रैली राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा निकाली गई ।

द्वितीय सत्र में विश्वविद्यालय परिसर स्थित महापुरुषों के स्मारकों की साफ सफाई की गई और उनका माल्यार्पण किया गया। जिसमें डॉक्टर अजीत कुमार ,डॉक्टर सुरेश कुमार, कार्यक्रम अधिकारी डॉ पवन कुमार सिंह ,सत्यम ,प्रतिमा ,आशीष, सौरभ ,सनी ,स्नेह लता ,सीमा गिरी, श्रुति आदि उपस्थित थे।

# नेशनल यूथ क्लाइमेट कंसोर्टियम में चयनित हुए अमन कुमार

## देशभर में जलवायु परिवर्तन से जुड़े अभियानों में योगदान देंगे बागपत के अमन

बागपत। जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्रिय भूमिका निभाने वाले युवा कार्यकताओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान देने के लिए यूनिसेफ युवा और ब्रिंग बैक ग्रीन फाउंडेशन द्वारा यंग इंडिया क्लाइमेट कम्युनिटी का गठन किया गया है। इस कम्युनिटी में बागपत जिले के ट्यौढी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता अमन कुमार को भी सदस्यता दी गई है।



यंग इंडिया क्लाइमेट कम्युनिटी, नेशनल यूथ क्लाइमेट कंसोर्टियम का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में कार्यरत प्रभावशाली युवा कार्यकताओं को एक मंच पर लाना और उन्हें नीति निर्माण एवं सामुदायिक कार्यों से जोड़ना है। इस चयन के बाद, अमन कुमार को देशभर में जलवायु परिवर्तन से जुड़े अभियानों, नीति निर्माण, शोध और कार्यान्वयन में योगदान देने का अवसर मिलेगा।

अमन कुमार को इससे पहले उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर-कमलों से राज्य का सर्वोच्च युवा पुरस्कार, स्वामी विवेकानंद यूथ अवार्ड प्रदान किया जा चुका है। वे ग्रामीण युवाओं के विकास और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कई अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वर्तमान में अमन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से समाज कार्य में अध्ययनरत है और माय भारत, हंड्रेड, यूनेस्को, यूनिसेफ आदि संस्थानों से जुड़े है।

# दो लफंगे फिल्म की शूटिंग सम्पन्नः शरारती लफंगे पहुंचे हवालात

## फिल्म में पुलिस इंस्पेक्टर के किरदार में होंगे आपके जानेआने प्रिय कलाकार सुरेंद्र मलानिया

सुरेंद्र मलानिया

बागपत। पिछले एक सप्ताह से बावली गांव में चल रही फिल्म की शूटिंग नशे को लेकर बनाई गई है। जिसमें गांव में नशे के प्रकोप और उससे बर्बाद हो रहे परिवारों की कहानी पर आधारित फिल्म 'दो लफंगे' की शूटिंग हाल ही में सम्पन्न हुई। यह फिल्म दो बदमाश लड़कों की कहानी है, जो गांव के सबसे बड़े लफंगे माने जाते हैं और अपनी शरारतों से पूरे गांव को परेशान करके रखते हैं।

ये दोनों लड़के आवारागर्दी, बदतमीजी और हुड़दंग मचाने में माहिर हैं। शादी-ब्याह में हंगामा खड़ा करना, दुकानदारों से जबरन सामान उठाना, और लोगों को बिना वजह तंग करना उनकी आदत बन चुकी है। उनकी बदमाशियों से तंग आकर गांव वालों ने कई बार उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन उनकी हरकतें दिन-ब-दिन बढ़ती ही गईं।

हालात तब और बिगड़ जाते हैं, जब ये दोनों लफंगे गांव में फैल रहे नशे के कारोबार में शामिल हो जाते



हैं। पहले तो वे नशे का सेवन करते हैं, लेकिन जल्द ही वे इसे बेचने का धंधा भी शुरू कर देते हैं। गांव के कई नौजवान उनकी वजह से नशे की चपेट में आकर अपनी जिंदगी बर्बाद करने लगते हैं।

उनकी हरकतें गांव वालों के लिए मुसीबत बन जाती हैं, लेकिन गांव के दबंग जमींदार के साथ मिलीभगत होने के कारण कोई भी उनके खिलाफ आवाज उठाने की हिम्मत नहीं करता। जमींदार उन्हें अपने नशे के धंधे में इस्तेमाल करता है और उनकी गुंडागर्दी के दम पर पूरे गांव को डराए रखता है।

लेकिन जब उनकी शरारतें हद से ज्यादा बढ़ जाती हैं और गांव के कई परिवार तबाह होने लगते हैं, तो गांव वाले मिलकर उनके खिलाफ विद्रोह करने का फैसला करते हैं। वे पुलिस को सबूतों के साथ शिकायत दर्ज कराते हैं और एकजुट होकर उनके आतंक के खिलाफ खड़े हो जाते हैं।

अंततः पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर लेती है और उनके खिलाफ नशे का कारोबार और गुंडागर्दी के कई आरोप लगते हैं। गांव वालों को राहत की सांस मिलती है, और वे यह ठान लेते हैं कि अब वे मिलकर नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे और अपने गांव को इस बबार्दी से बचाएंगे।

फिल्म के निर्देशक सन्नू राजा व मिंटू शर्मा है वहीं फिल्म के प्रोड्यूसर डॉ विनोद तोमर का कहना है कि 'दो लफंगे' सिर्फ मनोरंजन के लिए नहीं है, बल्कि यह एक सख्त संदेश देती है कि अगर गलत राह पर चलने वालों को समय रहते नहीं रोका गया, तो उनके कारण पूरे समाज को भयानक अंजाम भुगतना पड़ सकता है। फिल्म जल्द ही यू ट्यूब चैनल पर रिलीज होगी और दर्शकों को नशे के खिलाफ जागरूक करेगी। मुख्य कलाकार डॉ विनोद तोमर, मिंटू शर्मा, सन्नू राजा, प्रीति सिंह, खुशबू सिरोही, अनुज जैन, पूजा सिंह, विपिन कुमार, सलमान रंगरेज आदि रहे।

# धनसिंह कोतवाल शोध संस्थान करेगा नारी शक्ति का सम्मान : तस्वीर सिंह

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बागपत। धनसिंह कोतवाल शोध संस्थान द्वारा प्रबुद्ध उपनिषद का आयोजन प्यारेलाल शर्मा स्मारक मेरठ में किया गया। इसमें बागपत से भी काफी लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष राष्ट्रपति पदक से अलंकृत सर्वजीत सिंह कपूर ने कहा कि नारी शक्ति सम्मान समारोह के द्वारा समाज की उन सभी महिलाओं को सम्मान प्रदान किया जाएगा, जिन्होंने किसी क्षेत्र विशेष में बड़ा काम किया है। यह पहल धनसिंह कोतवाल शोध संस्थान की बहुत अच्छी पहल और मैं इसका स्वागत करता हूं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर देवेश चंद शर्मा ने कहा कि धनसिंह कोतवाल शोध संस्थान ज्ञात - अज्ञात शहीदों पर काम करने वाली महिलाओं को नारी शक्ति सम्मान प्रदान करके नारियों को और अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित करेंगा। पूर्व इंस्पेक्टर चेतन सिंह ने कहा की नारी शक्ति सम्मान समारोह




के द्वारा महिलाएं और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित होंगी और यह बड़ी खुशी का विषय है कि इसमें महिलाएं बढ़-चढ कर प्रतिभाग कर रही हैं। धनसिंह कोतवाल शोध संस्थान के चेयरमैन तस्वीर सिंह चपराना ने बताया कि धनसिंह कोतवाल तथा अन्य ज्ञात अज्ञात क्रांतिकारियों तथा अन्य शहिदों पर कार्य करने वाली महिलाएं, नगर निगम, कैंट बोर्ड, पंचायत क्षेत्र की स्वच्छता मित्र महिलाएं, महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य, महिला उत्पीड़न बचाव के क्षेत्र में काम करने वाली महिलाएं, स्टाफ नर्स, ई रिक्शा चालक, दिहाड़ी मजदूर, शिक्षा, खेल और कृषि के क्षेत्र में विशेष महत्वपूर्ण कार्य करने वाली महिलाओं को नारी शक्ति सम्मान प्रदान किया जाएगा। धन सिंह कोतवाल शोध संस्थान की बैठक में नारी शक्ति सम्मान समारोह हेतु सम्मानित होने वाली महिलाओं के लिए एक पांच सदस्य चयन समिति, निर्णायक मंडल का गठन हुआ। 5 सदस्य निर्णायक मंडल के अध्यक्ष सरबजीत सिंह कपूर राष्ट्रपति पदक से अलंकृत प्रमुख समाजसेवी, सदस्य अर्शा जे बिलफ्रेंड प्रधानाचार्या सेंट जोन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल फॉर गर्ल्स मेरठ, रितु मांगलिक अध्यक्ष महिला क्लब मेरठ, डॉक्टर रेनू जैन पूर्व इतिहास विभाग अध्यक्ष आरजीपीजी कॉलेज, प्रोफेसर डॉक्टर किरण प्रदीप प्राचार्या कनोहर लाल महिला महाविद्यालय मेरठ बनाये गये। उन्होंने बताया कि नारी शक्ति सम्मान समारोह 7 मार्च 2025 को पंडित प्यारेलाल शर्मा स्मारक पर होगा।

# एजेंसी मालिक ने पार्टी के बहाने युवतियों को बुलाया फिर कर दी अश्लील हरकत, एफआईआर दर्ज

एनपीटी ब्यूरो

बरेली। बाइक एजेंसी के मालिक ने पार्टी के बहाने महिला कर्मचारी और उसकी मौसेरी बहन को अपने घर बुलाया। उनके साथ जमकर शराब पी। आरोप है कि पार्टी के दौरान एजेंसी मालिक ने कर्मचारी की बहन से छेड़खानी और अश्लील हरकत कर दी। पीड़िता ने इज्जतनगर थाने में एजेंसी मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।


बारादरी क्षेत्र निवासी पीड़ित युवती ने बताया कि वह अनुसूचित जाति से है। मौसेरी बहन का घर पर आना जाना था। मौसेरी बहन कुदेशिया फाटक के पास स्थित बाइक एजेंसी पर नौकरी करती है। एजेंसी



मालिक बसंत विहार निवासी अभय जौहरी ने 24 फरवरी को अपने घर पर पार्टी रखी थी। मौसेरी बहन पार्टी में साथ लेकर गई थी। वहां सभी ने जमकर शराब पी और डांस किया। आरोप है कि डांस के दौरान अभय ने छेड़खानी शुरू कर दी। अभय ने अश्लील हरकतें भी कीं।

जब विरोध किया तो अभय दूर हट गया। इसके बाद अभय के साथ मिनी बाईपास स्थित रेस्टोरेंट में जाकर खाना खाया। जब युवती ने माता-पिता को अभय की करतूत के बारे में बताया तो उन्होंने थाने जाने को कहा। इज्जतनगर थाने में पीड़ित युवती की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सेटेलाइट बस अड्डे के पास किन्नरों ने युवकों को घेरकर पीटा



एनपीटी ब्यूरो

बरेली। सेटेलाइट बस अड्डे से राजनगर मोड़ की तरफ मंगलवार रात किन्नरों ने दो युवकों की पिटाई कर दी। किन्नरों के गुट ने पहले एक युवक घेरकर उसकी पिटाई कर दी। सड़क की दूसरी साइड में खड़े किसी व्यक्ति ने इसका वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया वायरल हो रहा है।

सेटेलाइट बस स्टैंड के आसपास रात में अराजकतत्व लड़की के वेश में घूमते रहते हैं। मौका मिलते ही ये किसी को भी घेरकर अपना शिकार बना लेते हैं। भड़काऊ पोशाकों में लड़की बनकर घूमने वाले ये अराजकतत्व सेटेलाइट तिराहे से जंक्शन तक आतंक मचाते हैं।

इनके पहनावे और हरकतों की वजह से परिवार के साथ खड़े यात्री असहज हो जाते हैं। अराजकतत्व के कुछ गैंग बसों व डग्गामार वाहनों में घुसकर उगाही करते हैं। यात्रियों से मनमाफिक बधाई न मिलने पर ये अश्लील हरकतें करते हैं। यात्रियों से अभद्रता भी आम बात है। कई बार इनके खिलाफ शिकायत भी हो चुकी है।

# सुदृढ़ शक्ति फाउंडेशन द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण के 108 विवाह का वर्णन किया

## डॉ ऋचा ने दीप प्रज्वलित कर किया कथा का शुभारंभ

एनपीटी ब्यूरो

बरेली। सुदृढ़ शक्ति फाउंडेशन द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा में सोमवार को आचार्य विमल कृष्ण शास्त्री ने कथा में भगवान के 108 विवाह की कथा। भगवान कदम के वृक्ष के नीचे आराम कर रहे थे इस समय वहां एक पहेलियां आया और उसने भगवान के चरण में प्रहार कर दिया। उस समय एक दिव्य ज्योति के रूप में परिणत हो गई और भागवत जी मे दिव्य ज्योति समा गई।

आज के मुख्य डॉक्ऋचा दीक्षित यजमान, विवेक मिश्रा ,डॉक्टर दीप माला शर्मा,डॉ ऋचा अग्रवाल, विक्की भरतौल, डॉ मोनिका वार्ष्णेय,डॉ विवेक मिश्रा,आदि उपस्थित रहे।



# नमो भारत स्टेशन पर अब 24 घंटे खाद्य पदार्थ खरीद सकेंगे यात्री, स्मार्ट लॉकर की भी सुविधा

एनपीटी ब्यूरो

गाजियाबाद। यात्रियों को एक ही स्थान पर आवश्यक उत्पादों जैसे भोजन, पेय पदार्थों, ताजा स्नैक्स, इंपोर्टेड स्वादिष्ट उत्पाद और किराने के सामान सहित पर्सनल केयर संबंधी उत्पाद खरीदने की सुविधा मिल सकेगी। नमो भारत स्टेशनों पर कई अन्य नई सुविधाएं भी जल्द शुरू करने की तैयारियां जारी हैं।

यात्रियों की सुविधा के लिए गाजियाबाद नमो भारत स्टेशन पर ग्रॉसरी से लेकर क्विक मील यानी तैयार खाद्य पदार्थ खरीदने के लिए स्टोर खोल दिए गए हैं। यहां सातों दिन 24 घंटे यात्री खरीदारी कर



सकते हैं।

एनसीआरटीसी के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पुनीत वत्स ने बताया कि स्टेशन पर यात्रियों के लिए अन्य यात्री केंद्रित सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। यह एक ऐसा स्टोर है जहां यात्रियों को एक ही स्थान पर आवश्यक उत्पादों जैसे भोजन, पेय पदार्थों, ताजा स्नैक्स, इंपोर्टेड स्वादिष्ट उत्पाद और किराने के सामान सहित पर्सनल केयर संबंधी उत्पाद खरीदने की सुविधा मिल सकेगी। कामकाजी लोगों, छात्रों और अन्य यात्रियों को यात्रा के दौरान ताजे भोजन की सुविधा मिलेगी।

स्टोर पर खरीदारी के लिए डिजिटल भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध है। इसी कड़ी में साहिबाबाद, गाजियाबाद और आनंद विहार आदि स्टेशनों पर विभिन्न आउटलेट्स खोले गए हैं, जिनमें अमूल, नेस्कैफे, कोका-कोला, इटालियन बॉक्स, एफ एंड बी वेंडिंग मशीन आदि शामिल हैं। इसके साथ ही स्टेशनों पर यात्रियों के लिए एटीएम और स्मार्ट लॉकर की सुविधा भी उपलब्ध की गई है। नमो भारत स्टेशनों पर कई अन्य नई सुविधाएं भी जल्द शुरू करने की तैयारियां जारी हैं।

# संपादकीय

## वैश्विक प्रयासों से रुकेंगे संगठित अपराध

यह खबर परेशान करने वाली है कि म्यांमार और पूर्वी एशिया के कई देशों से जो संगठित साइबर अपराध संचालित हो रहे हैं, उनके चंगुल में बड़ी संख्या में भारतीय युवा भी हैं। हाल ही में म्यांमार के दुर्गम इलाकों में बनाये गए साइबर अपराधियों के अड्डों से सत्तर भारतीय युवाओं को छुड़ाया गया है। जिनको डरा-धमकाकर भारत में साइबर अपराधों को अंजाम देने के लिये इस्तेमाल किया जाता था। बताया जाता है साल 2022 के बाद म्यांमार, थाईलैंड, लाओस, कंबोडिया आदि से छह सौ से अधिक भारतीयों को अपराधियों के चंगुल से बचाया जा चुका है। आशंका है कि कई हजार भारतीय युवा म्यांमार समेत विभिन्न देशों में साइबर अपराधियों के अड्डों में जबरन रोके गए हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय युवा प्रतिभाएं दलालों की साजिश से संगठित साइबर अपराध करने वाले अंतर्राष्ट्रीय अपराधियों के चंगुल में फंस जाती हैं। विडंबना ही है कि हम अपने युवाओं को न तो रोजगार दे पा रहे हैं और न ही विदेशों में अपना भविष्य संवारने की आकांक्षा रखने वाले युवाओं को फर्जी एजेंटों के चंगुल से बचा पा रहे हैं। आखिर हमारी एजेंसियां ऐसी धोखाधड़ी करने वाले एजेंटों पर नकेल क्यों नहीं कस पा रही हैं। हाल के दिनों में कई ऐसे मामले प्रकाश में आए हैं कि युवा अपनी जमीन बेचकर व कर्ज उठाकर विदेश जाते हैं, लेकिन एजेंटों की धोखाधड़ी से वे साइबर अपराधियों के शिकंजे में फंस जाते हैं। दरअसल, साइबर अपराधियों का मकड़जाल इतना मजबूत हो चुका है कि बिना अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के उन पर नियंत्रण कर पाना संभव न होगा। ऐसे वक्त में जब साइबर अपराधियों का नेटवर्क दुनिया की आर्थिकी को चूना लगा रहा है, मिल-जुलकर इनके खिलाफ अभियान चलाना वक्त की जरूरत है। निश्चित रूप से यह एक विकट संकट है, जिसे दुनिया के देशों को गंभीरता से लेने की जरूरत है। यह जानते हुए कि साइबर अपराधियों का संगठन लगातार ताकतवर होता जा रहा है और वे समानांतर काली अर्थव्यवस्था चला रहे हैं। दरअसल, हो यह रहा है कि देश-दुनिया में ऑनलाइन फ्रॉड लगातार बढ़ते जा रहे हैं। वे सुनहरे सपने दिखाकर बेरोजगार युवाओं को फंसाते हैं। उन्हें जगह कोई और बतायी जाती है और अंततः साइबर अपराधियों के अड्डों पर पहुंचा दिया जाता है। युवाओं के पासपोर्ट छीन लिए जाते हैं। ये अड्डे ऐसी जगहों पर होते हैं कि उस देश की पुलिस की पकड़ में वे आसानी से नहीं आते। हाल के वर्षों में साइबर अपराधी इतने चतुर-चालाक हो गए हैं कि निगरानी करने वाली एजेंसियों की पकड़ से आसानी से बच जाते हैं। हाल ही में जिन सत्तर भारतीयों को म्यांमार में साइबर अपराधियों के चंगुल से मुक्त कराया गया, उसमें म्यांमार के सीमा सुरक्षा बल की बड़ी भूमिका रही है। इन मुक्त कराए गए भारतीयों में पंजाब, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना,यूपी व राजस्थान आदि राज्यों के लोग थे। इसी तरह म्यांमार व अन्य पूर्वी एशिया के देशों में साइबर अपराधियों के चंगुल में फंसे हुए भारतीयों को मुक्त कराने के लिए इन देशों की सरकारों से सहयोग मांगा जाना चाहिए। निश्चित तौर पर साइबर अपराधियों द्वारा संचालित अपराधों की लगातार मजबूत होती काली अर्थव्यवस्था पूरी दुनिया की आर्थिक व कानूनी सुरक्षा के लिये चुनौती है। दरअसल, इस काले धन से नशे के कारोबार, आतंकवाद और मानवीय तस्करी जैसे अपराधों को अंजाम दिया जाता है। इस संगठित आपराधिक नेटवर्क पर अविलंब अंकुश लगाने की जरूरत है। जिससे न केवल एक तरह से बंधक बनाये गए युवाओं को मुक्त कराया जा सकेगा बल्कि तेजी से बढ़ती ऑनलाइन ठगी पर अंकुश लग सकेगा। दरअसल, इन साइबर अपराधियों की ऑनलाइन धोखाधड़ी के कारण हर साल कई ट्रिलियन डॉलर का नुकसान विभिन्न देशों की सरकारों को हो रहा है। जो दुनिया की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की जीडीपी के बराबर है। निश्चित तौर पर यह धनराशि दूसरे अपराधों को सींचने में खर्च की जाएगी। एक ओर जहां देश में युवाओं के विदेश जाने वाली व्यवस्था को पारदर्शी व तार्किक बनाने की जरूरत है, वहीं विदेश में भविष्य चमकाने की आकांक्षा रखने वाले युवाओं को जागरूक व सतर्क करने की जरूरत है ताकि वे साइबर अपराधियों के चंगुल में न फंसें।

# मोदी का मोटापामुक्त भारत :स्वास्थ्य-क्रांति का आधार

**मोटापा वर्तमान युग की एक व्यापक स्वास्थ्य समस्या एवं एक दीर्घकालिक बीमारी है, जो कई स्वास्थ्य समस्याओं एवं असाध्य बीमारियों का कारण बन सकती है और आपके जीवन को छोटा कर सकती है। दुनिया भर में मोटापे के शिकार एक अरब से ज्यादा लोगों में 88 करोड़ लोग वयस्क हैं जबकि 15 करोड़ 90 लाख बच्चे हैं। महिलाओं में मोटापा बढ़ने की सबसे तेज गति देखने को मिल रही है। आज मोटापा समस्या नहीं महामारी बन गया है। मोटापे ने महामारी का ऐसा रूप धारण किया कि इसने भुखमरी को भी पीछे छोड़ दिया है। भूखमरी से जितनी मौतें होती हैं उससे कई ज्यादा मौतों की वजह अब मोटापा बन गया है। यूएन रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में 5 से 9 साल के बीच के 13.1 करोड़ बच्चे, किशोरावस्था वाले 20.7 करोड़ और 200 करोड़ वयस्क लोग मोटापे के शिकार है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने शासन में भारतीय लोगों के स्वास्थ्य को लेकर निरन्तर कदम उठाते हुए स्वस्थ भारत निर्मित करने के उपक्रम किये हैं। विकसित भारत-नये भारत-सशक्त भारत का आधार स्वस्थ भारत ही है। मोदी युग ने स्वास्थ्य के प्रति भारत के दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण मोड़ को चिह्नित करते हुए मोटापे से जुड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों को संबोधित करने और मोटापे को नियंत्रित पर अधिक ध्यान दिया गया। मोदी ने मोटापे के खिलाफ एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है, जिसमें भारतीयों से अपने खाना पकाने के तेल की खपत को कम करने का आग्रह किया। मोटापा कई जीवनशैली से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है, जैसे दिल की बीमारी, टाइप 2 डायबिटीज, स्ट्रोक, सांस लेने में समस्याएं और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं जैसे चिंता, तनाव और अवसाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 फरवरी को मन की बात के 119वें एपिसोड में हेल्थ का जिक्र करते हुए कहा था, एक फिट और स्वस्थ भारत बनने के लिए हमें ओबेसिटी (मोटापा) की समस्या से निपटना ही होगा। एक स्टडी के मुताबिक, आज हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है। बीते सालों में मोटापे के मामले दोगुने हो गए हैं, लेकिन इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि बच्चों में भी मोटापे की समस्या चार गुना बढ़ गई है। मोटापे को नियंत्रित करने की मुहिम एक सामयिक एवं सराहनीय कदम होने के साथ स्वास्थ्य-क्रांति का आधार है।



प्रधानमंत्री ने सेहत के प्रति जागरूकता लाने और इस क्रम में मोटापे से लड़ने के लिए अपने-अपने क्षेत्र के दस जाने-माने लोगों को नामांकित कर यही रेखांकित किया कि इस समस्या की गंभीरता को समझने एवं समय रहते इसको नियंत्रित करने की अपेक्षा है। उन्होंने आनंद महिंद्रा, दिनेश लाल यादव निरहुआ, मनु भाकर, मीराबाई चानू, मोहनलाल, नंदन नीलेकणि, उमर अब्दुल्ला, आर. माधवन, श्रेया घोषाल, सुधा मूर्ति को नामांकित करते हुए यह अपेक्षा जताई कि ये सभी मोटापे के खिलाफ क्रांति की अलख जगाने के साथ खाद्य तेल की खपत कम करने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करेंगे। प्रधानमंत्री ने इन लब्ध प्रतिष्ठित हस्तियों से दस-दस और लोगों को इसी अभियान को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से नामांकित करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री की यह पहल कुछ वैसी ही है, जैसी उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान को प्रारंभ करते समय की थी। मोदी की मोटापे नियंत्रण से जुड़ी इस जनोपयोगी पहल से देश मे मोटापे के प्रति चेतना जाग्रत होगी और लोग मोटापे को नियंत्रित करने में सफल होंगे।

मोटापा वर्तमान युग की एक व्यापक स्वास्थ्य समस्या एवं एक दीर्घकालिक बीमारी है, जो कई स्वास्थ्य समस्याओं एवं असाध्य बीमारियों का कारण बन सकती है और आपके जीवन को छोटा कर सकती है। दुनिया भर में मोटापे के शिकार एक अरब से ज्यादा लोगों में 88 करोड़ लोग वयस्क हैं जबकि 15 करोड़ 90 लाख बच्चे हैं। महिलाओं में मोटापा बढ़ने की सबसे तेज गति देखने को मिल रही है। आज मोटापा समस्या नहीं महामारी बन गया है। मोटापे ने महामारी का ऐसा रूप धारण किया कि इसने भुखमरी को भी पीछे छोड़ दिया है। भूखमरी से जितनी मौतें होती हैं उससे कई ज्यादा मौतों की वजह अब मोटापा बन गया है। यूएन रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में 5 से 9 साल के बीच के 13.1 करोड़ बच्चे, किशोरावस्था वाले 20.7 करोड़ और 200 करोड़ वयस्क लोग मोटापे के शिकार है।

अच्छी सेहत के बिना जीवन का कोई महत्व नहीं है, सेहत ठीक नहीं होगी तो व्यक्ति दुखी, तनावग्रस्त और रोगी बना रहता है। सेहत ही सबसे बड़ा धन है। ये बात जो लोग समझते हैं, वे अपनी सेहत के लिए बहुत सतर्क रहते हैं। अच्छे स्वास्थ्य की सबसे बड़ी बाधा मोटापा है, जब कोई व्यक्ति ऊर्जा के रूप में उपयोग की जाने वाली कैलोरी से अधिक कैलोरी का उपभोग करता है, तो उसका शरीर अतिरिक्त कैलोरी को वसा के रूप में संग्रहीत कर लेता है। इसी से मोटापा पनपता है। शारीरिक श्रम की कमी पेट पर मोटापा जमा होने का एक प्रमुख कारण है। आजकल की जीवनशैली में अधिकतर लोग 9-10 घंटों तक एक जगह बैठकर काम करते हैं और शारीरिक गतिविधि न के बराबर करते हैं। इससे शरीर में जमा हुई अतिरिक्त कैलोरी को बर्न करने में कठिनाई होती है और ये कैलोरी मोटापे के रूप में बदल जाती है। तनाव और नींद की कमी भी मोटापा बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होते हैं। जब हम तनाव में होते हैं, तो शरीर में कोर्टिसोल का स्तर बढ़ता है, जो पेट के आसपास चर्बी जमा करने का काम करता है। नींद की कमी से मेटाबोलिज्म पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और शरीर अधिक चर्बी जमा करने के लिए प्रेरित होता है। इसके अलावा, कुछ खाद्य पदार्थ, खाद्य तेल और पेय पदार्थ-विशेषकर वे जिनमें वसा और शर्करा की मात्रा अधिक होती है-वजन बढ़ने की अधिक संभावना रखते हैं।

लोगों में मोटापा बढ़ने के कई कारण हैं, जिनमें अति भोजन, अहितकर भोजन और प्रतिकूल भोजन के अलावा व्यायाम की कमी और तनाव शामिल हैं। पोषण में सुधार, गतिविधि बढ़ाने और जीवनशैली में अन्य बदलाव करने से लोगों के मोटापे को कम करने में मदद मिल सकती है। मोदी की पहल से मोटापा नियंत्रित करने के अनुकूल परिणाम तभी सामने आ सकते है, इसमें वांछित सफलता तभी संभव है, जब आम लोग यह समझेंगे कि स्वस्थ जीवनशैली उन्नत राष्ट्र ही नहीं, उन्नत स्वास्थ्य का आधार है। आज की सुविधा एवं भौतिकतापूर्ण जीवनशैली मोटापा बढ़ाने का काम कर रही है। अब लोग उतना शारीरिक श्रम नहीं करते, जितना पहले अपनी सामान्य दिनचर्या के तहत किया करते थे। मोटापे को नियंत्रित करने में योग, ध्यान, प्रातःभ्रमण एवं व्यायाम की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। किसी विचारक ने लिखा भी है कि मनुष्य के सबसे बड़े चिकित्सक हैं-शांति, प्रसन्नता और खुराक ह्ल यह हकीकत है कि लोग यदि खानपान में संयम एवं सतर्कता बरतें, शारीरिक सक्रियता बढ़ाएं और योग-व्यायाम को जीवन का हिस्सा बना लें तो मोटापे को भगा सकते हैं।

मोटापे अनेक बीमारियों का घर है, जो केवल कार्यक्षमता को कम करने का ही काम नहीं करता, बल्कि स्वास्थ्य पर खर्च भी बढ़ाता है। जीवन को जटिल एवं अस्तव्यस्त बना देता है। निरोगी लोग किसी भी देश के लिए एक बड़ी पूंजी होते हैं। जब शरीर स्वस्थ रहता है तो लोग मानसिक एवं भावनात्मक रूप से भी स्वस्थ रहते हैं और वे अपना काम कहीं अधिक तत्परता एवं निपुणता से करते हैं। इसका लाभ केवल उन्हें ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज और देश को भी मिलता है। यही सशक्त एवं विकसित भारत का आधार भी है। यह अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वस्थ जीवन शैली की जरूरत को समझा, लेकिन इसके लिए जागरूकता अभियान छेड़ने के साथ ही मिलावटी और दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री की बिक्री रोकने के लिए भी कुछ करना होगा। मोदी की यह पहल जहां स्वास्थ्य क्रांति का माध्यम बनेगी, वहीं मिलावट नियंत्रण के प्रति भी जागरूकता पैदा करेंगी। यह किसी से छिपा नहीं कि अपने देश में बड़े पैमाने पर मिलावटी और दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री बनती एवं बिकती है। इसमें एक बड़ा हिस्सा उस खाद्य सामग्री का होता है, जो सड़क किनारे की दुकानों पर मिलती है। इस सामग्री में केवल खाद्य तेल की मात्रा ही अधिक नहीं होती, बल्कि वह मिलावटी भी होता है। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के मानकों की अनदेखी के चलते दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री घरों में भी इस्तेमाल होती है। इनमें खाद्य तेल एवं घी प्रमुख है। आज जब बाजार का खाना खाने का चलन बढ़ रहा है, तब सरकार को यह सुनिश्चित करना ही चाहिए कि उसकी शुद्धता एवं गुणवत्ता से कोई समझौता न होने पाए। इसी अभिक्रम से भारत का जन-जन स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन और स्वस्थ भावनाओं का अखूट वैभव लिये शक्ति, स्फूर्ति, शांति, आनन्द एवं शारीरिक संतुलन से भरपूर दिव्य जीवन की यात्रा के लिये प्रस्थित हो सकता है। इससे हम मोटापा-मुक्त स्वस्थ भारत के संकल्प को हकीकत बना सकते हैं। स्वस्थ भारत का यह संकल्प ही कालांतर विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में मददगार हो सकता है।

# बढ़ गया है विसंगतियों को प्रश्रय का खतरा, उत्तराखंड में नया भूमि कानून

अब तक गैर-कृषक के लिये जमीनों की खरीद पर बंदिशें थीं, लेकिन अब जिसकी भी उत्तराखंड में अचल सम्पत्तियां हैं उनके लिये भी किसानों की जमीनें खरीदने का रास्ता निकल गया है।


उत्तराखंड की धामी सरकार ने नया भूमि कानून पास तो करा दिया है, लेकिन इस कानून से पहाड़वासियों की नाउम्मीदी ज्यादा बढ़ गयी है। सरकारी पक्ष नये कानून को सख्त बताकर प्रचारित कर रहा है, लेकिन गरीब कास्तकारों के पुरखों की जमीनों के भू-खोरों, धन्नासेठों और गैर-कृषकों द्वारा हड़पने के नये रास्ते खुले बताते हैं। हालांकि, किसी देशवासी के लिये बाहरी शब्द का प्रयोग उचित नहीं है फिर भी जिन लोगों को बाहरी माना जा रहा है, उनके लिये उत्तराखंड में जमीनें खरीदने के लिये पिछले दरवाजे खुले हैं। अब तक गैर-कृषक के लिये जमीनों की खरीद पर बंदिशें थीं, लेकिन अब जिसकी भी उत्तराखंड में अचल सम्पत्तियां हैं उनके लिये भी किसानों की जमीनें खरीदने का रास्ता निकल गया है।

दरअसल, ऊपरी तौर पर हरिद्वार और उधमसिंह नगर को छोड़कर सरकार ने शेष 11 पहाड़ी जिलों में जमीनों की खरीद-फरोख्त पर अंकुश तो लगा दिया, मगर नगर निकाय चाहे कहीं की भी हों, उन्हें इस कानून से मुक्त कर दिया। विधि विशेषज्ञ और भू-कानून के लिए आन्दोलन करने वाले इसे प्रदेश की जनता के साथ छलावा बता रहे हैं।

नये कानून की धारा दो में कहा गया है कि ह्लनगर निगम, नगर पंचायत, नगरपालिका परिषद, छावनी परिषद क्षेत्रों की सीमा के अन्तर्गत आने वाले और समय-समय पर सम्मिलित किये जा सकने वाले क्षेत्रों को छोड़कर यह कानून सम्पूर्ण उत्तराखंड राज्य में लागू होगा।ह्ल उत्तराखंड की विषम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण लोग गांव छोड़कर आसपास के कस्बों में बहुत तेजी से बस रहे हैं इन्हीं नगरीय क्षेत्रों में भूमि की सर्वाधिक खरीद-फरोख्त होती है।

शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, उद्यान, पर्यटन, के लिये निजी न्यास, संस्था, कम्पनी, फर्म, पंजीकृत सहकारी संस्था आदि के लिए भूमि का अन्तरण पर पहले भी प्रतिबंध नहीं था। नयी व्यवस्था में अगर भूमि का अन्तरण जनहित में है तो जमीन चाहने वालों का वास्तविक आंकलन कर भूमि अनिवार्यता प्रमाणपत्र जारी किया जायेगा। साथ ही अन्तरण अनुमति से पूर्व सम्बंधित विभागों द्वारा निवेश की मात्रा, रोजगार सृजन तथा प्लांट और मशीनरी इत्यादि के परिप्रेक्ष्य में प्रस्ताव का आंकलन करते हुए भूमि अनिवार्यता प्रमाणपत्र विभागाध्यक्ष या एक रैंक नीचे के अधिकारी द्वारा जारी किया जायेगा।

कानून में यह भी स्पष्ट किया गया है कि भूमि अन्तरण की अनुमति केवल हरिद्वार और उधमसिंह नगर में दी जायेगी। अगर भूमि की खरीद-फरोख्त की बंदिशें शेष 11 जिलों के लिये हैं तो उन पहाड़ी जिलों के नगर निकाय क्षेत्र इन दो जिलों की तरह कानून से मुक्त क्यों कर दिये गये? सेवानिवृत्त वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एवं उ.प्र रेवेन्यू बोर्ड के पूर्व सदस्य सुरेन्द्र सिंह पांगती का कहना है कि उधमसिंह नगर व हरिद्वार में जमीनों की खरीद-फरोख्त में छूट से जमीनें हड़पने हेतु पिछला दरवाजा खुला है।



नये कानून में व्यवस्था की गयी है कि अगर कोई व्यक्ति जो धारा 129 के तहत उत्तराखंड का खातेदार न हो तो उसे रजिस्ट्रार के सामने शपथपत्र देना होगा कि उसके परिवार के किसी भी सदस्य ने आवासीय उद्देश्य के लिये अपने जीवनकाल में 250 वर्गमीटर जमीन नहीं खरीदी है। सरकार को शिकायतें मिली थीं कि कानून का दुरुपयोग करते हुए कुछ लोगों ने परिवार के अन्य सदस्यों के नाम भी 250 वर्गमीटर जमीनें खरीद ली हैं। जबकि मूल कानून में व्यवस्था थी कि एक परिवार एक ही बार जमीन खरीद सकेगा और जमीन खरीदने के बाद भी वह और उसकी पीढ़ियां उत्तराखंड में भूमिधर नहीं मानी जायेंगी।

मूल अधिनियम में कुछ खास श्रेणियों के अलावा निजी तौर पर गैर-कृषकों द्वारा जमीनों की खरीद पर रोक थी। लेकिन नये कानून के अनुसार जिस व्यक्ति की 2003 या उससे पहले उत्तराखंड में अचल सम्पत्ति थी उसे भूमिधर मान लिया गया है। इसलिये उसे भी जमीनें खरीदने का अधिकार दे दिया गया है। मसूरी जैसे नगरों में अचल सम्पत्ति वाले लोग बड़ी संख्या में मौजूद हैं जो देश के विभिन्न हिस्सों से हैं। ऐसे लोग प्रायः बड़े उद्योगपति, धनाढ्य और बड़े व्यवसायी होते हैं जो कि बड़े पैमाने पर जमीनों का व्यवसाय कर मूल निवासियों को भूमिहीन बना सकते हैं। नये कानून में प्रावधान किया गया है कि अगर धारा 129 के तहत कोई व्यक्ति विशेष श्रेणी का भूमिधर है तो बैंक आदि का ऋण न चुका सकने पर उसकी सम्पत्ति की नीलामी हो जाती है तो उसकी सम्पत्ति को उसी श्रेणी का भूमिधर भी खरीद सकेगा और नीलामी में सम्पत्ति गंवाने वाला व्यक्ति बिना अनुमति के दुबारा उतनी ही जमीन खरीद सकेगा। राज्य सरकार के पूर्व विधि सलाहकार डॉ. एन.के. पन्त के अनुसार इस कानून ने जमीनें हड़पने का एक नया रास्ता खोल दिया है। जिनका खेती से कोई लेना-देना नहीं था वे भी अब खेती की जमीनें खरीद सकेंगे।

उत्तराखंड राज्य द्वारा पूर्ववर्ती राज्य से अंगीकृत जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम 1950 की धारा 157 (ए) में अनुसूचित जातियों की जमीनों के ट्रांसफर या अन्तरण पर रोक है। धारा 157-ए के अनुसार अनुसूचित जाति से संबंधित कोई भी भूमिधर या असामी कलेक्टर की पूर्व स्वीकृति के बिना अपनी भूमि को अनुसूचित जाति से इतर किसी को हस्तांतरित नहीं कर सकता है। लेकिन उत्तराखंड के नये भूमि कानून के अनुसार इन जातियों की जमीनों को 30 साल के लिये कृषि, बागवानी, जड़ी बूटी उत्पादन, पौधारोपण, पशुपालन, मुर्गीपालन, मधुमक्खी पालन, मत्स्य पालन, कृषि, फल प्रसंस्करण, चाय बागान व वैकल्पिक ऊर्जा परियोजनाओं के व्यक्ति, संस्था, समिति, न्यास, फर्म, कम्पनी एवं स्वयं सहायता समूह को पट्टे पर शर्तें निर्धारित करते हुये दी जा सकेगी। जबकि मूल कानून में इनकी जमीनों को पट्टे पर देने की भी मनाही है।

# पोदार लर्न स्कूल में कार्निवाल के रंग में सराबोर हुआ बसंत उत्सव

ग्रेटर नोएडा। नॉलेज पार्क-5 स्थित ग्रेटर नोएडा पोदार लर्न स्कूल में स्प्रिंग कार्निवाल धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के साथ-साथ आसपास की 17 प्ले स्कूलों के बच्चों और उनके अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सचिव पंकज जोशी, प्रधानाचार्या अंतरा रॉय, मुख्य अतिथि श्रद्धा सिंह एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। पोदार स्कूल के विद्यार्थियों ने गणेश वंदना पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। ग्रुप डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें नन्हे बच्चों ने देशभक्ति, फिल्मी गीतों एवं भक्ति संगीत पर समूह नृत्य कर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



200 से अधिक बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें उन्होंने सामाजिक संदेश देने के साथ-साथ देवी-देवताओं और राष्ट्रभक्तों का रूप धारण कर सभी को प्रेरित किया। इस शानदार आयोजन में बच्चों और अभिभावकों के मनोरंजन के लिए विभिन्न आकर्षक गतिविधियाँ रखी गईं। पॉटरी मेकिंग स्टॉल व रोटेटिंग सेल्फी स्टैंड पर वीडियो क्लिक करने का खासा क्रेज रहा। बच्चों ने टैटू मेकिंग, फेस पेंटिंग, मैजिक शो और फैमिली फन गेम्स में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम के अंतिम चरण में मदर्स रैंप वॉक का आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक माताओं ने अपनी खूबसूरती और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागी ने माताओं को मिस्ट्री गिफ्ट्स प्रदान किए गए। विजेताओं को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जबकि सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में माय प्लेनेट, टाइनी टोज गार्डन, स्पार्टन, लिटिल कृष्णा, कैंब्रिज मॉन्टेसरी, लिव एंड लर्न, मिनी मिरेकल, टाइनी डिटेक्टिव, अंकुरम, हनी किड्स, लिटिल ब्लॉसम, आइकॉन, नर्चर किड्स, माय छोटा स्कूल, यूरो लोटस आदि प्ले स्कूलों के बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

सभी उपस्थित लोगों ने मेला परिसर में लगे स्वादिष्ट व्यंजन स्टॉल्स का भरपूर आनंद लिया।

इस आयोजन को सफल बनाने में आरती राय, ऑस्टिन जॉनसन, ऋतू राघव, संजू सिंह, प्रियंका, मानवी, स्मिता, नीनू, सुलोचना रोज, आस्था, रेणु, निकिता, पूजा, नितिन, देवेंद्र सहित कई शिक्षकों और कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या अंतरा रॉय ने सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों और आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए बसंत के उल्लास से भरे इस यादगार उत्सव की सराहना की।

# कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए रात 2 बजे डीएम एसएसपी पहुंचे राया

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा । शिवरात्रि पर्व पर गंगा जी से कावड़ लाने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्था को देखने के लिए बीती रात्रि जिलाअधिकारी सीपी सिंह और डीआईजी शैलेश पांडे ने अलीगढ़ मथुरा मार्ग स्थित थाना राया क्षेत्र का निरीक्षण किया। रात्रि दो बजे के करीब दोनों जिले के उच्च अधिकारी राया कस्बा पहुंचे। वहां उन्होंने मथुरा जनपद के बॉर्डर हाथरस अलीगढ़ की सीमा पर व्यवस्था देखी। जिला अधिकारी सीपी सिंह



ने थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि कावड़ियों की सुरक्षा के लिए किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। डीआईजी शैलेश पांडे ने कहा कि सड़कों पर अतिक्रमण और जाम की स्थिति पैदा ना हो उसके लिए पुलिसकर्मी पूरे सड़क मार्ग पर चौकस रहे। डीएमएसएसपी को अर्ध रात्रि में देख क्षेत्रीय थाना पुलिसकर्मी भौंचक्के रह गए। रात्रि 3:00 बजे तक दोनों अधिकारी सड़क मार्ग पर व्यवस्था देखते रहे।

# एसपी देहात अंशिका वर्मा ने फीता काटकर पुलिस चौकी का किया उद्घाटन

एनपीटी ब्यूरो

बरेली , (सिरौली)- कैलाशगिरि मणि चौकी का बुधवार को एसपी देहात अंशिका वर्मा ने फीता काटकर उद्घाटन किया।उन्होंने उद्घाटन करने के बाद बाबा कैलाश गिरी पर जलाभिषेक किया।उन्होंने क्षेत्र की जनता से भी संवाद किया और आगामी त्यौहार होली रमजान को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

बताते चलें कि थाना सिरौली में वार्षिक निरीक्षण के दौरान बरेली एसएसपी अनुराग आर्य से सिरौली क्षेत्र की जनता ने बाबा कैलाश गिरी बाबा की मणि पर एक पुलिस चौकी बनने की मांग की थी। बरेली एसएसपी अनुराग आर्य ने तुरंत संज्ञान लेते हुए उनके आदेशानुसार चौकी का निर्माण शुरू कर दिया गया था और बुधबार को महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर बरेली एसपी देहात अंशिका वर्मा ने फीता



काटकर चौकी का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की जनता से भी संवाद किया उन्होंने कहा की चौकी बनने से क्षेत्र की जनता अपने आप को सुरक्षित महसूस करेगी और किसी तरह की कोई समस्या होती है तो आप लोग तुरंत पुलिस को सूचना दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। एक दूसरे के धर्म का सम्मान करें।

इस मौके पर बरेली एसपी देहात अंशिका वर्मा,सीओ अंजनी कुमार तिवारी, थानाध्यक्ष रामरतन सिंह, उपनिरीक्षक सत्येंद्र सिंह,केपी सिंह चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप का पांचवा दिन महिला स्वावलंबन एवं मिशन जागृति को समर्पित रहा



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मैनपुरी। कुंवर आर. सी. महिला महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की संयुक्त इकाई के द्वारा विशेष सप्त दिवसीय शिविर का पांचवा दिन महिला स्वावलंबन महिला सशक्तिकरण एवं मिशन जागृति को समर्पित रहा । इस कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं ने शिविर स्थल की साफ सफाई से कार्य प्रारंभ करते हुए शिविर स्थल पर चूने का छिड़काव किया। तत्पश्चात छात्राओं द्वारा लक्ष्य गीत गाया गया । शिविर के द्वितीय सत्र में छात्राओं के द्वारा पोस्टर मेकिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें स्वयंसेविकाओं ने बढ़-चढ़कर के प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर शेफाली यादव, कार्यक्रम अधिकारी राजेश सेन, कार्यक्रम अधिकारी प्रतिभा जायसवाल एवं डॉ प्रियंका सोनकर एवम साथ ही महाविद्यालय के समस्त कर्मचारिगण , जिलेदार ,उमेश यादव उपस्थित रहे।

# सहारा मेले में उमड़ी भीड़ लोगों ने जमकर की खरीदारी

बिछवा/मैनपुरी क्षेत्र के ग्राम सहारा में स्थित मनकामेश्वर मंदिर पर चल रहे शिवरात्रि महोत्सव में तीन दिवसीय विशाल मेले का आयोजन किया जा रहा है शिवरात्रि के दिन मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी मेले में लोगों ने जमकर खरीदारी की सुबह से लेकर शाम तक खरीदारी का दौर चलता रहा मेले में प्रशासन की ओर से थाना पुलिस मौजूद रही कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर नरेश सिंह चौहान ने बताया



कि मेला का आयोजन 3 दिन किया जाएगा मेले से आपसी सौहार्द बढ़ता है मेला मेल मिलाप का होता है ऐसे कार्यक्रमों से समाज में अच्छा संदेश जाता है सुरक्षा की दृष्टि से पूरे दिन थाना पुलिस मौजूद रही मेले में आस पड़ोस के गांव से सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु आते जाते रहे।

# अरविंद चौहान बने भाकियू भानु के राष्ट्रीय महासचिव

मैनपुरी - बुधवार को भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह मैनपुरी पहुंचे। सर्वप्रथम उन्होंने मां शीतला के दर्शन कर पूजा अर्चना की। जिसके बाद मौजूद सैकड़ो कार्यकर्ता व पदाधिकारीयों ने उनका फूल माला से भव्य स्वागत किया। जिसके बाद उन्होंने संगठन में लगातार काम कर रहे पदाधिकारीयों का पदोन्नति कर नियुक्ति पत्र दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने काकन गांव निवासी अरविन्द चौहान को प्रदेश महासचिव से राष्ट्रीय महासचिव के पद पर नियुक्त कर नियुक्ति पत्र दिया।



वही राजन चौहान को प्रदेश उपाध्यक्ष से राष्ट्रीय संगठन मंत्री, विपिन शुक्ला को राष्ट्रीय महासचिव से वरिष्ठ राष्ट्रीय महासचिव के पद पर नियुक्त किया। कार्यकर्ताओ ने सभी पदाधिकारीयों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। अरविंद सिंह चौहान ने कहा कि वह संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे। किसानों की समस्याओं का निराकरण कराने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर विपिन चौहान, राज मोहम्मद, प्रशांत दीक्षित, देवेंद्र सोलंकी, छोटू चौहान, देशराज सिंह आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

# प्रेमानंद महाराज के दरबार में अचानक पहुंचे अमिताभ बच्चन के टू कॉफी



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। वृंदावन में बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन के हमशक्ल शशिकांत पेडवाल संत प्रेमानंद महाराज मिलने वृंदावन पहुंचे। जैसे ही वह केली कुंज आश्रम पहुंचे तो सभी लोग उन्हें देखकर चौंक गए। सभी में अमिताभ बच्चन के आने की चर्चा होने लगी। एकांकी वातार्लाप में संत प्रेमानंद महाराज की नजर जैसे ही पेडवाल पर पड़ी वह कुछ पल सोच में पड़ गए और बोले अरे, यह तो बिल्कुल टू कॉपी लगते हैं। पेडवाल ने कहा कि महाराज जी मैं चाहता हूं कि लोगों को हंसाते ही रहूं। मैं अपने कार्य में भागवत मार्ग पर कैसे चलूं। संत महाराज ने कहा कि आप सभी को नाम जप करने के लिए बोलें। जिससे उसका बेड़पार हो जाएगा और आपका भी। उनकी कई अध्यात्म विषयों पर चर्चा हुई।

# पत्रकार एसोसिएशन रजि. की मासिक बैठक का हुआ आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। हर माह की पांच तारीख को शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक का आयोजन किया जाता है, लेकिन इस बार रमजान माह के मद्देनजर पत्रकारों की मासिक बैठक बुधवार को नगर की कोतवाली के सामने कंट्रोल रूम पर आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष आफताब ने की। बैठक के दौरान पत्रकारों से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस दौरान सभी पदाधिकारियों ने संगठन का अन्य जिलों में विस्तार किए



जाने के साथ मजबूती पर जोर दिया। बैठक में सभी की सहमति से राजीव भटनागर एवं शराफत हुसैन हस्सानी को संगठन का उपाध्यक्ष, आकाश शंकर को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, वीरेंद्र कुमार को सचिव के पद पर नियुक्त किया गया। इस मौके पर संरक्षक सखावत अली, संस्थापक अंकित गुप्ता, संगठन अध्यक्ष आफताब, महासचिव सिफत मियां, प्रवक्ता शाहनवाज अली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एहसान खान, संगठन मंत्री विनोद गुप्ता, विधिक सलाहकार अभिषेक शर्मा, कोषाध्यक्ष मुस्तफा अली आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर शिवमन्दिर पर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

## सुरक्षा को लेकर शाहबाद पुलिस रही तैनात

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व पर शाहबाद के लखखी बाग स्थित प्राचीन शिवमन्दिर, परौता और चकरपुर कदीम पर श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। घंटियों और शंख की ध्वनि के बीच बम बम भोले के जयकारों गूंजते रहे। पूरा वातावरण शिवमय हो गया। जलाभिषेक करने पहुंचे भक्त अपने परिवार की सुख और समृद्धि की कामना करते रहे।



इस दौरान पुलिस ने मंदिर परिसर और आसपास सुरक्षा को चाक चौबंद रखा। एसडीएम हिमांशु उपाध्याय, तहसीलदार राकेश चंद्रा, कोतवाल पंकज पंत, निरीक्षक राजकुमार पावर, निरीक्षक संजय सिंह, हल्का इंचार्ज आदेश कुमार, लेखपाल राजकुमार शर्मा, हेड कांस्टेबल दिवाकर सिद्धू, अमित कुमार आदि रहे।

# चार धाम मंदिर के कर्मचारियों ने लगाया शोषण का आरोप, हंगामा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा में थाना जैंत क्षेत्र के छटीकरा स्थित चार धाम मंदिर के गेस्ट हाउस में काम करने वाले कर्मचारियों ने मंगलवार को हंगामा किया। तय वेतन से कम मिलने पर आक्रोश जताया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया। मंदिर के गेस्ट हाउस में हाउसकीपिंग का काम करने वाले सरन दास, भगवान सिंह, पवन कुमार आदि का आरोप था कि प्रबंधन उन्हें तय वेतन से कम दे रहा है। प्रबंधन की मंशा के अनुरूप काम न करने पर उनके साथ अभद्रता की जाती है। उन्हें काम से निकालने की धमकी दी जा रही हैं। कर्मचारियों ने सहायक श्रम आयुक्त को भी शिकायत दी। इसमें बताया कि काम देते वक्त उन्हें 17600 रुपये वेतन देने का वादा किया गया था। ईपीएफ व ईएसआईसी का अंशदान काटकर 14600 दिया जाना तय था। जब वेतन की मांग की तो उन्हें 11600 रुपये दिए गए। पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराया।

# एक्सप्रेस-वे के ढाबों पर खाने के नाम पर लूट, 25 की चाय, 100 चावल

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। वृंदावन में प्रयागराज महाकुंभ में स्नान के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु ब्रज में आ रहे हैं। अन्य श्रद्धालु से एक्सप्रेस-वे से आवागमन कर रहे हैं। फायदा उठा एक्सप्रेस-वे के नीचे खुले ढाबों में श्रद्धालुओं से खाने के नाम पर खुली लूट की जा रही है। गुणवत्ताहीन खाना परोसा रहा है, वह भी सामान्य दिनों से अधिक कीमत पर। यहां तक दस रुपये में मिलने वाली एक चाय भी श्रद्धालुओं को बीस रुपये की दी जा रही है। दरअसल, महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू हुआ, तब से यमुना एक्सप्रेस-वे पर वाहनों और श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है। यमुना एक्सप्रेसवे पर जो बड़े ब्रांड के रेस्टोरेंट हैं, उन्हें भोजन महंगा है, ऐसे में श्रद्धालु एक्सप्रेसवे के किनारे स्थित ढाबों पर ही भोजन



अधिक ग्रहण कर रहे हैं। लेकिन फायदा ढाबा संचालक उठा रहे हैं, भीड़ अधिक होने के कारण न तो शुद्धता का ध्यान रखा जा रहा है और न ही गुणवत्ता का। वृंदावन के निकट ढाबा चला रहे सोनू ने बताया कि पिछले एक माह से प्रतिदिन 300 से 400 श्रद्धालु उनके यहां भोजन के लिए आ रहे हैं, सामान्य दिनों 100 से 150 श्रद्धालु भोजन को आते थे। हालांकि ढाबे पर कर्मचारियों की संख्या उतनी ही है। श्रद्धालुओं के लिए थाली की व्यवस्था की गई है। थाली सौ रुपये से लेकर 250 रुपये तक में दी जा रही है। दो भटूरे और छोले की जो प्लेट 60 रुपये में थी, उसकी कीमत सौ रुपये कर दी गई है। मैगी और चाऊमीन की छोटी प्लेट भी 50 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपये कर दी है। एक अन्य ढाबा संचालक सागर ने बताया कि सामान्य दिनों की तुलना में महाकुंभ के कारण कई गुणा तीर्थयात्री भोजन करने यहां आ रहे हैं। श्रद्धालु मेनू के अनुसार भोजन लेने के बजाय थाली के अनुसार भोजन लेना पसंद कर रहा है। सौ से लेकर तीन सौ रुपये तक की थाली ढाबा में उपलब्ध है। जबकि सामान्य दिनों में 100 से डेढ़ सौ रुपये में थाली मिल रही थी। थाली में शाही पनीर के साथ दो तंदूरी रोटी, मोटे चावल, दाल और आलू मटर की सब्जी दी जा रही है। भोजन के साथ पहले पानी निश्शुल्क मिलता था, अब ढाबा संचालकों ने सादा पानी हटा दिया है, बोतल बंद एक लीटर की बोतल श्रद्धालुओं को दी जा रही है, आम दिनों में एक बोतल पानी की कीमत बीस रुपये है, लेकिन इन दिनों 30 रुपये वसूले जा रहे हैं।

# महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक

एनपीटी ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरोः महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जिले भर के शिवालय और मठ-मंदिरों में हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। तीर्थक्षेत्र में भी मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर में आस्थावानों का तांता लगा रहा। इस दौरान भगवान शिव को जलाभिषेक करने वालों की भीड़ उमड़ी।

महाशिवरात्रि पर्व पर जिलाधिकारी ने सपरिवार मतगजेंद्रनाथ महराज की पूजा-अर्चना की। साथ ही महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत डीएम ने संपूर्ण मेला क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र में लगे जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि मेले में आने-वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया गया कि रामघाट और परिक्रमा मार्ग की निरंतर साफ-सफाई कराई जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कर्वी लालजी यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष त्रयोदशी के दिन



महाशिवरात्रि के पर्व पर लोगों द्वारा व्रत रखकर बड़े हर्षोल्लास के साथ अर्धनारीश्वर भगवान शिव की पूजा अर्चना वैदिक काल से होती चली आ रही है। इसी परम्परा का निर्वाह आज भी लोग श्रद्धा भाव से करते चले आ रहे हैं। महाशिवरात्रि पर कर्वी के शिवभक्तों ने परम्परागत तरीके से भव्य शिव बारात निकाली। शहर के धतुरहा चैराहे से भगवान भोलेनाथ की बारात झांकी के साथ निकाली गई। शोभा यात्रा का नगर में कई स्थानों पर शिवभक्तों ने स्वागत किया। इस मौके पर रमेश धतुरहा, जितेन्द्र धतुरहा, ओम केशरवानी, शनि धतुरहा आदि ने व्यवस्थाओं का संचालन किया। गांधी गंज में व्यापारी नेता विष्णु गुप्ता ने शिव बारात में शामिल शिवभक्तों का स्वागत ठंडई पिलाकर किया। इस मौके पर मनोज वर्मा, शैलेन्द्र गुप्ता, रोहित गुप्ता, राहुल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**-ग्रामोदय के कुलगुरु ने महाशिवरात्रि पर किया रुद्राभिषेक-**

चित्रकूटः महाशिवरात्रि पर्व के अवसर ग्रामोदय पहाड़ी में स्थित शिव मंदिर में शिव परिवार की स्थापना की गई। कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा नें सपत्निक वैदिक मन्त्रोंचरण के बीच ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिवार की ओर से रुद्राभिषेक किया।

इस अवसर ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं नें भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर हवन-आरती की। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण भी किया गया। इस मौके पर डॉ वीरेंद्र उपाध्याय, डॉ अनिल अग्रवाल, इं. सीपी बस्तानी, विद्यानंद चतुवेर्दी, डॉ कमलेश थापक संयोजक सहित ग्रामोदय के शिक्षक, विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के दूसरे दिवस में चला स्वच्छता अभियान

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**



ललितपुर। सुदर्शन डिग्री कॉलेज बासी के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के दूसरे दिन ग्राम असऊपुरा में स्वच्छता अभियान की रैली निकालकर ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। रैली के दौरान स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत, जन जन ने यह ठाना है स्वच्छता अपनाना है। आदि स्लोगन कहै। तत्पश्चात श्री हनुमान जी मंदिर तालाब के पास पहुंचकर पूरे मंदिर परिसर की साफ-सफाई की ! भोजन उपरांत मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान की एक संगोष्ठी की गई। जिसमें प्राचार्य डॉ.सोनू श्रीवास्तव ने कहा कि 2 अक्टूबर 2014 से स्वच्छता जागरूकता अभियान की शुरूआत तत्कालीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर के गुई। स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत को लेकर जन-जन में जागरुकता अभियान चलाया! हम सब को भी अपने आसपास साफ सफाई प्रतिदिन करना चाहिए! अंत में स्वच्छता की शपथ दिलाई। सुंदर कुशवाहा असिस्टेंट प्रोफे. ने कहा कि गंदगी से बहुत बीमारियां फैलती हैं जैसे है हैजा आदि। हमें निमित्त एक घंटे अवश्य साफ-सफाई करना चाहिए।

हमें शारिक मानसिक रुप से भी स्वक्छ रहना चाहिए। इस अवसर पर सुंदर कुशवाहा, मुकेश, निककी, सरोज कुशवाहा, अंजलि साहू अर्चना प्रजापति, समीक्षा यादव मुस्कान यादव, सौम्या, राजा, अनुष्का ,रश्मि, शिवानी, वंदना ,स्नेहा आदि उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई अधिकारी नरेंद्र सिंह बुंदेला ने संगोष्ठी का संचालन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक की टक्कर से हुई बाइक चालक की मौत का केस दर्ज

ललितपुर` नेशनल हाईवे कैलगुंवा चौराहे के पास ट्रक की टक्कर से हुई बाइक चालक की मौत के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। महरौनी के ग्राम बैरवारा निवासी आशाराम पुत्र चन्द्रभान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 22 फरवरी को उसका पिता चन्द्रभान बाइक से नेशनल हाईवे कैलगुंवा चौराहे के पास से गुजर रहा था। तभी तेजगति से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मारकर बाइक चालक को घायल कर दिया था। इस दुर्घटना में घायल हुये बाइक चालक की उपचार के दौरान मौत हो गयी थी। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### महिला के साथ की मारपीट

ललितपुर थाना बार के ग्राम चन्द्रावली निवासी रामा पत्नी सिरनाम ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर गांव में रहने वाले सिरनाम पुत्र कृपाल सहित तीन नामजद आरोपितों पर गाली गलौज करने से मना करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

### लड़कियों पर अभद्र टिप्पणी करने का केस दर्ज

ललितपुर` थाना बार क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा ब्राहम्मण समाज की बेटियों को लेकर अभद्र टिप्पणी सोशल मीडिया पर करने का विरोध करने पर अभद्रता करने के मामले में पुलिस ने एक नामजद आरोपित के खिलाफ केस दर्ज किया है। ग्राम बरौदा डांग निवासी रामरूद्र पुत्र रामस्वरूप ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव में रहने वाले चन्द्रपाल पुत्र बल्ची उर्फ रामकिशोर ने सोशल मीडिया पर ब्राहम्मण समाज की बेटियों के लिये अभद्र टिप्पणी की थी। जिससे समाज में रोष व्याप्त है, विरोध करने पर आरोपित गाली गलौज करने लगा। पुलिस ने आईटी एक्ट सहित अन्य धारा में केस दर्ज किया है।

### शोक सभा में अर्पित की श्रद्धांजलि

ललितपुर` अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले ने अध्यक्षता में वरिष्ठ पत्रकार पं. राकेश शुक्ला के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संरक्षण मंडल व पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये उनके द्वारा दिए गये योगदान कि सरहाना की। प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले ने गहरा दुख व्यक्त करते हुये कहा कि पं. राकेश शुक्ला हम सब के बीच से चले जाना यह अपूर्णीय क्षति है, इसकी भरपाई करना संभव नहीं है। उन्होंने पत्रकारिता एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। अंत में दो मिनिट का मौन धारण कर दिव्य आत्मा की शान्ति एवं परिवार को धैर्य धारण की शक्ति प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा का संचालन महामंत्री अमित सोनी ने किया। इस अवसर पर संरक्षक मंजीत सिंह अरोरा, पवन संज्ञा, अजित जैन भारती, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, पूर्व महामंत्री मोहम्मद नसीम, अजय बरया, दिनेश संज्ञा, संदीप शर्मा, ब्रजेश पंथ, अभय श्रीमाली, मनोज जैन, मनोज वैद्य, कुंदन पाल, अमित राठौर, पंकज कुमार रायकवार,संजय - नायक, रमेश रैकवार, जयेश बदल, सुनील सैनी, भरत रावत, शैलेश जैन, दिव्यांश शर्मा, देवेंद्र साहू, शाहनाज सिंह, शिब्बू राठौर, सुनील जैन, राहुल साहू खिरिया, दिनेश विधुआ, हितेंद्र कुमार जैन, मनीष पाठक, अजीत सिंह, आशीष तिवारी, अनूप राठौर, विनोद मिश्रा, अमित पाठक, आलोक चतुवेर्दी, प्रदीप रिछारिया, अजितेश भारती, सूरज सिंह राजपूत आदि मौजूद रहे।

### नफरत की राजनीति कर रही है भाजपा- भइयालाल

मऊ, चित्रकूटः समाजवादी पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत पीडीए जन चैपाल का आयोजन मानिकपुर विधानसभा की मऊ नगर पंचायत के बौसडा मजरा में तथा गाम नौबस्ता में किया गया। चैपाल में पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश सचिव भइयालाल यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने सदैव बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का सम्मान किया है। बाबा साहब किसी एक जाति के नेता नही थे, उन्होंने सभी जातियों का ख्याल था। भाजपा सरकार में बैठे लोग बाबा साहब के सविधान को पंसद नहीं करते है, बाबा साहब का संविधान न होता तो पिछड़ी जातियों, दलित समाज, आदिवासी, अल्पसख्यक समाज और गरीब के बेटे कभी भी किसी बड़े पदों पर नहीं पहुंचते, इसलिए सविधान की रक्षा करने के लिए बाबा साहब के सम्मान को बचाने के लिए पीडीए के लोगों को एक जुट होना होगा और अपने हक और अधिकार को बचाना होगा।

# ग्राम समाज की जमीन से दबंगों का कब्जा हटवाने की गुहार

चित्रकूट ब्यूरोः सदर तहसील स्थित ग्राम पंचायत अकबरपुर में ग्राम समाज की भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को लेकर उपजिलाधिकारी के आदेशों की अनदेखी की जा रही है। दो दिन पहले ही उपजिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक और थाना प्रभारी को इस अवैध निर्माण को तत्काल रोकने के लिए निर्देशित किया था, लेकिन इसके बावजूद कार्रवाई नहीं की गई है। यह मामला अब गंभीर रूप लेता जा रहा है, क्योंकि लगातार अवैध निर्माण का कार्य जारी है, और ग्राम पंचायत सदस्य अश्विनी कुमार ने एसडीएम से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम पंचायत अकबरपुर के भरतकूप कस्बे मे स्थित गाटा संख्या 820, जो श्रेणी 6 आबादी की ग्राम समाज की भूमि है, पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। यह भूमि राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित होने के कारण अत्यधिक मूल्यवान मानी जाती है। इस भूमि का उपयोग ग्रामवासियों के कल्याण के लिए सुरक्षित रखा जाना चाहिए, लेकिन असामाजिक तत्वों द्वारा इसे दबाव में लाकर कब्जा करने की साजिश की जा रही है। ग्राम पंचायत सदस्य अश्विनी कुमार ने एसडीएम को इस संदर्भ में आवेदन देकर अवैध कब्जे को तत्काल समाप्त करने की अपील की है। उनका कहना है कि यह भूमि ग्रामवासियों के लिए महत्वपूर्ण है और इसे असामाजिक तत्वों और दबंगों के कब्जे से मुक्त कराना बहुत जरूरी है। इस मामले में ग्राम प्रधान के पति की संलिप्तता भी सामने आई है। आरोप है कि ग्राम प्रधान के पति द्वारा इस अवैध कब्जे को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे मामला और भी गंभीर हो गया है। ग्राम पंचायत सदस्य ने राजस्व निरीक्षक और हल्का लेखपाल से पेमाइश करवा कर दबंगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अश्विनी कुमार ने कहा कि यह मामला केवल ग्राम समाज की संपत्ति से जुड़ा नहीं है, बल्कि यह गांववासियों के अधिकारों का उल्लंघन भी है। यदि इस मामले पर ध्यान नहीं दिया गया, तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की अपील की है ताकि ग्राम समाज की भूमि को दबंगों के कब्जे से मुक्त किया जा सके और यह भूमि ग्रामवासियों के कल्याण के लिए सुरक्षित रहे। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में कब कार्रवाई करेगा और ग्राम समाज की भूमि को दबंगों के कब्जे से मुक्त कराएगा।

# धर्मनगरी में शाही यात्रा निकालकर संतों ने किया स्नान



चित्रकूट ब्यूरोः महाशिवरात्रि के अवसर पर एवं महाकुंभ के पुण्यतम सुयोग पर धर्मनगरी के संत-महात्माओं ने गाजे-बाजे के साथ रथ-बग्घी में सिंहासनारूढ़ होकर शाही यात्रा निकालते हुए रामघाट में मंदाकिनी-गंगा में अमृत शाही स्नान कर मत्तगजेन्द्रनाथ की पूजन-अर्चन की।

महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर से निकाली गई शाही यात्रा का कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा, डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन सहित अनेकों गणमान्य नागरिकों ने स्वागत कर संत-महंतो का पुष्पों से स्वागत कर आशीर्वाद लिया। शाही यात्रा के रामघाट पहुंचने पर संत-महंतों ने मंदाकिनी में स्नान कर पूजा-अर्चना की। विरक्त संत मण्डल के आयोजन एवं मां मंदाकिनी सेवा ट्रस्ट के संयोजन में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में विभिन्न अखाड़े, मठ-मंदिरों के लगभग 600 संत, महंत, नागा साधू, महात्मा शाही यात्रा व स्नान में सम्मिलित हुए। जिनमें महंत सनकादिक ब्रम्हचारी महराज, सीताशरण दास महराज, रामहृदय दास महराज, गोविंददास महराज, बलराम दास महराज, रामप्यारे दास महराज, प्रेमनारायण दास, पागल बाबा, दिनेश दास, रामबली दास, माधवदास महराज, रामप्रिय दास, रामकुमार दास, राघव दास, बालकदास महराज, रामदास, नागा नरसिंह दास, मोहनदास, मनोज दास, अजयदास आदि मौजूद रहे।

मीडिया प्रमुख अर्चन ने बताया कि शाही स्नान के बाद नगर परिषद पार्क में संतों द्वारा विशाल सभा का आयोजन किया गया। जिसमें संतों द्वारा मंदाकिनी में शाही स्नान परंपरा के विकास तथा चित्रकूटधाम के आध्यात्मिक, धार्मिक विकास पर विचार-विमर्श किया गया।

### धूमधाम से निकाली गई भगवान शिव की बारात

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आज सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली सभी लोगों ने अपने पास के मंदिरों में पूजा अर्चना की तथा शिवाभिषेक प्रसाद आदि वितरित किया,नगर में दोपहर के समय जगह-जगह से शिव बारात निकल गई इसी क्रम में डोंडाघाट वीर विजय बजरंग बली मंदिर से भव्य शिव बारात निकाली गई नरसिंह पर बारात पहुंचने के बाद वहां स्वागत किया गया।,इस मौके पर मनोज तिवारी, छक्की लाल साहू,हाकिम सिंह राजपूत, पवन कौशिक, सुबोध गोस्वामी, इंदर सिंह पटेल, आशीष तिवारी, जगवीर सिंह, दिवाकर शर्मा,भरत पुरोहित, रामकुमार नामदेव,कृष्णकांत साहू सन्तोष कुमार मिश्रा,शिवकुमार तिवारी,अजय राठौर,सोनू सेन,बृजेन्द्र राजा, प्रीतम अहिरवार,यशवंत सिंह हरनाम सिंह तोमर, दीपक साहू,शिवांश गोस्वामी,आदि मौजूद रहे।

# करमई में हैंडपंप प्लेटफार्म के नाम पर हुवा भ्रष्टाचार

## पंचायत में सरकारी धन का उड़ाया जा रहा हवा में

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर

ललितपुर बार - शासन प्रशासन लगातार लोगों की सुविधाओं को देखते ग्रामीण अंचलो में पीने के पानी के लिये तमाम सुविधाओं को मुहैया कराने में लगा हुआ है सरकार का उद्देश्य है ग्रामीणों को शुद्ध और निर्मल पेयजल मिले जिससे उनका जीवन खुशहाल हों इसके लिये योगी सरकार ने गांवो के हैंडपम्पो पर प्लेटफार्म तैयार करने व पानी को स्टोर करने के लिये पंचायतो को करोड़ों रुपए का बजट जारी भी किया पर कई ग्राम पंचायते योगी सरकार को चूना लगाने और सरकारी धन को लूटने में लगीं हुई है ब्लाक मुख्यालय बार की ग्राम पंचायत करमई में प्रधान ने सचिव के साथ मिलकर हैंडपम्प प्लेटफार्म के नाम पर जमकर धांधली की है ग्राम पंचायत में कई हैंडपम्प लगे है जो कहने को हैंडपम्प है और वह बस गांव में उनकी गिनती करा सकते है की इतने हैंडपम्प गांव के कंठो को गीला करते है गांव जबकि अधिकांश हैण्डपम्प खराब पड़े हुए है जिनकी हालत देखकर लगता है की यह वर्षो से खराब पड़े हुए है और उपयोग में नहीं है क्योंकि न तो स्ट्रकचर नजर आ रहा न उसमे पानी निकालने लिये डंडा लगा हुवा है बाबजूद इसके प्रधान और सचिव ने मिलकर गांवो अत्यधिक संख्या में उन पर प्लेटफार्म का निर्माण कार्य करा दिया और चार किस्तों में ग्राम निधि से लगभग दो लाख नब्बे हजार का भुगतान करा लिया है जबकि गांव में अधिकांश प्लेटफार्म किसी कार्य के नहीं उन को वनबा कर शासन के रूपयों का दुरूपयोग किया गया है और जो इक्का दुक्का प्लेटफार्म उपयोग में है वह भी क्षतिग्रस्त हों चुके है यदि बारीकी से ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की जांच हुई तो बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार उजागर हों सकता गांव के लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया की कई स्थानों पर मरम्मती कराकर उसे नवीन निर्माण बताकर उसकी भी धनराशि को निकाल कर गटक लिया है।



**गंदगी में डूबे हैंडपम्प, गन्दा पानी पीने को मजबूर**

पूरा गांव गंदगी से सरोबोर है हर जगह गंदगी फैली पड़ी है जबकि स्वच्छ भारत अभियान के नाम पर ग्राम पंचायते सरकार को लाखों का चूना लगाने पर तुली हुई गांव कई जगह हैंडपंप लगे और उनके प्लेटफार्म भी बने है जिनके पास भारी गंदगी फैली हुई जिससे मच्छर उत्पन्न हों रहें है वही दूषित पानी पीने से गांव बालों के बीमार होने का खतरा भी बना हुआ है इसके बाद भी प्रधान पर आलाअधिकारीयों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# मंडलायुक्त ने किया सिद्धपुर गांव के सचिवालय का लोकार्पण

चित्रकूट ब्यूरोः सदर तहसील क्षेत्र की सिद्धपुर ग्राम पंचायत में चित्रकूट धाम मंडल बांदा आयुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता में गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मंडलायुक्त ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार अभियान योजना के अंतर्गत 22 लाख रुपये की लागत से बने ग्राम सचिवालय/पंचायत भवन का लोकार्पण किया।

मंडलाआयुक्त ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी पात्र लाभार्थियों को वृद्धा एवं विधवा पेंशन मिलनी चाहिए, इसमें कोई भी छूटने न पाए। उन्होंने दिव्यांग विभाग द्वारा संचालित यूडीआईडी कार्ड के बारे में जानकारी ली। जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि खाद्यान्न का समय से वितरण करना सुनिश्चित करें तथा खाद्यान्न में किसी प्रकार की मिलावट नहीं होनी चाहिए। परियोजना निदेशक को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री



आवास योजना का सही से सर्वे कराए तथा इसमें अपात्रों को लाभ न मिलने पाए। जिला कार्यक्रम अधिकारी को पोषाहार का समय से वितरण कराते हुए फील्ड में भी विजिट करने के निर्देश दिए। मनरेगा अंतर्गत कार्य करने वाले मजदूरों के जॉब कार्ड की जानकारी लेते हुए मंडलायुक्त ने समय से भुगतान करने के निर्देश दिए। उन्होंने जन चैपाल में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में अधिकारियों को शासन की मंशानुरूप त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि सभी अध्यापक व डॉक्टर समय से स्कूल व अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बिजली पानी पर विशेष ध्यान देने को निर्देशित किया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि जन चैपाल में जो समस्याएं प्राप्त हुई है, उसका सम्बन्धित अधिकारी गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

इस मौके पर संयुक्त विकास आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा अरविंद कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, डीसी एनआरएलएम ओपी मिश्रा, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, ग्राम प्रधान रामकिंकर सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# आज से रीट परीक्षा, पहली बार फेस स्कैनिंग कर परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों को दिया जाएगा प्रवेश

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

जोधपुर। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (सिटी प्रथम) ने बताया कि 27 फरवरी को लेवल प्रथम की परीक्षा आयोजित होगी। जिसमें प्रथम पारी में 61 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें 18,834 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठेंगे।

प्रदेश में राजस्थान अध्यापक पात्रता (रीट) परीक्षा का आयोजन 27-28 फरवरी को होने जा रहा है। इस दिन राज्य के जिन सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में रीट की परीक्षा का केंद्र बनाया गया है, वहां दो दिन अवकाश रहेगा। वहीं, जहां एग्जाम सेंटर नहीं है, वहां की स्कूल यथावत चलती रहेगी। जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (सिटी प्रथम) उदयभान चारण ने बताया कि इस परीक्षा के तहत कुल 75 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। 49 सरकारी विद्यालय और 26 निजी विद्यालय में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

**रीट परीक्षा**

प्रथम पारीः सुबह 10:00 बजे से 12:30 बजे तक आयोजित होगी।

द्वितीय पारीः दोपहर 3:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित होगी।




परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने के लिए परीक्षा के समय से 1 घंटा पहले गेट बंद कर दिया जाएगा।

**जोधपुर जिले में कितने परीक्षार्थी होंगे**

अतिरिक्त जिला कलेक्टर (सिटी प्रथम) ने बताया कि 27 फरवरी को लेवल प्रथम की परीक्षा आयोजित होगी। जिसमें प्रथम पारी में 61 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें 18,834 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठेंगे। 49 सरकारी विद्यालय और 12 निजी विद्यालय परीक्षा केंद्र होंगे। द्वितीय पारी में लेवल द्वितीय की परीक्षा आयोजित होगी। इसमें कुल 23,238 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। 28 फरवरी को लेवल द्वितीय परीक्षा एक पारी में आयोजित की जाएगी। प्रथम पारी में सुबह 10:00 बजे से 12:30 बजे तक परीक्षा होगी। इसके लिए कुल 74 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें 49 सरकारी विद्यालय और 25 निजी विद्यालय में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें कुल 22,927 परीक्षार्थी बैठेंगे, जो सभी जोधपुर जिले के ही होंगे।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर सिटी प्रथम ने बताया कि पेपर कोऑर्डिनेटर के रूप में कुल 75 प्रथम पारी में होंगे। वहीं, द्वितीय पारी में 74 कोऑर्डिनेटर बनाए गए। 25 फ्लाइंग कम ओएमआर शीट अधिकारी होंगे। तीन केंद्र के बीच एक अधिकारी कार्य करेंगे। वहीं, एरिया मजिस्ट्रेट के रूप में कुल आठ अधिकारी लगाए गए। जिसमें 10 परीक्षा केंद्र पर एक अधिकारी नियुक्त किया गया है।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर सिटी प्रथम ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा केंद्र पर दो पुलिसकर्मी और एक होमगार्ड तैनात रहेगा। परीक्षार्थियों की संख्या को देखते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप रखने के लिए परिवहन अधिकारी व्यवस्था संभालेंगे। रीट परीक्षा में पहली बार फेस स्कैनिंग करके परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं। नकल रोकथाम के लिए विशेष दल का गठन भी किया गया। इन सारी व्यवस्थाओं को गुप्त रूप से भी नजर रखी जाएगी, जिससे नकल रोका जा सके।

# नेता प्रतिपक्ष जूली बोले- विधानसभा का गतिरोध दुर्भाग्यपूर्ण, इसे मिलकर समाप्त करना होगा

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री से साथ मिलकर समाधान निकालने की अपील करते हुए कहा कि सभी को उदारमना होकर प्रदेश हित में गतिरोध खत्म कर नई शुरूआत करनी चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जुली ने महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए विधानसभा में जारी गतिरोध पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि विधानसभा में गतिरोध दुर्भाग्यपूर्ण है। इसे समाप्त करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा।

टीकाराम जुली ने अपने संदेश में भगवान शिव के त्याग और कर्तव्य भावना का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह भगवान शंकर ने संसार की भलाई के लिए हलाहल विष का पान किया, उसी तरह हमें भी जनहित में व्यक्तिगत मान-अपमान, हठधर्मिता को भुलाकर सदन को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रयास करना होगा।




उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री से साथ मिलकर समाधान निकालने की अपील करते हुए कहा कि सभी को उदारमना होकर प्रदेश हित में गतिरोध खत्म कर नई शुरूआत करनी चाहिए। उन्होंने लिखा- हमें राजस्थान की 8 करोड़ जनता के हित में अपमान रूपी विष पीना होगा और लंबे समय से चल रहे गतिरोध को समाप्त करना होगा।

**लोकतंत्र को मजबूत करने का संकल्प लेने की अपील**

टीकाराम जुली ने महाशिवरात्रि पर लोकतंत्र की मजबूती का संकल्प लेने का आह्वान किया और कहा कि सदन को जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा का मंच बनाना चाहिए। उन्होंने सभी दलों से आग्रह किया कि राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर प्रदेश के विकास के लिए एकजुट हों।

# शिव मंदिरों में रही लोगों की भीड़, जेल में बंद कैदियों को त्रिवेणी के पवित्र जल से करवाया स्नान

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



श्री गंगानगर। महाशिवरात्रि पर महादेव को जल अर्पित करने के लिए सुबह 4:00 बजे से ही श्रद्धालु लंबी लाइनों में खड़े हो गए। हर भक्त की कोशिश रही कि सबसे पहले महादेव के दर्शन कर जल अर्पित कर सकें। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन ने भी भारी जाब्ता तैनात किया।

देवाधिदेव महादेव को समर्पित महाशिवरात्रि का महापर्व विश्वभर में हिंदू समाज के लोगों द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। श्रीगंगानगर में भी भगवान आशुतोष को जल अर्पित करने के लिए श्रद्धालु प्रातःकाल से ही शिवालयों में उमड़ पड़े। हाथों में जल, बिल्व पत्र, पुष्प और दुग्ध लेकर श्रद्धालु शहर के विभिन्न शिवालयों में घंटों तक महादेव को जल अर्पित करने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिए। भक्तों ने महादेव को जल अर्पित कर अपनी मनोकामनाएं प्रभु के समक्ष प्रकट कीं। पुलिस और प्रशासन ने भी इस अवसर पर भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए माकूल व्यवस्था की और भक्तों को संभालने में जुटे रहे। अलग-अलग संस्थाओं ने प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की।

दरअसल, महाशिवरात्रि पर महादेव को जल अर्पित करने के लिए सुबह 4:00 बजे से ही श्रद्धालु लंबी लाइनों में खड़े हो गए। हर भक्त की कोशिश रही कि सबसे पहले महादेव के दर्शन कर जल अर्पित कर सकें। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन ने भी भारी जाब्ता तैनात किया। श्रद्धालुओं की लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी लाइन को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन द्वारा विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई। प्राचीन शिवालय बाबा शुक्रनाथ बगीची के महंत बाबा कैलाशनाथ ने बताया कि महादेव को भोलेनाथ इसीलिए कहा जाता है क्योंकि वे जरा सा प्रयास करने से ही प्रसन्न हो जाते हैं। मात्र जल, पुष्प और फल अर्पित करने से ही भगवान शिव मनवांछित फल की प्राप्ति करवाते हैं।

स्बम बम भोलेस् की जयकारों के बीच भक्तों ने बाबा को जल अर्पित किया और मंदिर के बाहर विभिन्न धार्मिक स्वयंसेवी संगठनों द्वारा लगाए गए लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। मंदिरों के भीतर भी भक्त भजन-कीर्तन के रस में सराबोर होते रहे। अंध विद्यालय के स्फटिक महादेव, चहल चौक स्थित शिवालय, गोल बाजार शिवालय, कौड़ियों वाली पुली शिवालय सहित अन्य मंदिरों में भी भोलेनाथ की पूजा-अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।

महाकुंभ त्रिवेणी से पवित्र जल कलश पर पुष्प वर्षा करते हुए जेल परिसर में लाया गया। वहां मंत्रोच्चार के साथ विधिवत रूप से सभी बंदियों को स्नान करवाया गया। इस दौरान जेल सुपरिंटेंडेंट अभिषेक शर्मा सहित जेल प्रशासन के कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। अधीक्षक शर्मा ने बंदियों को संबोधित करते हुए पवित्र जल के महत्व को बताया।

# डोटासरा की टिप्पणी पर सियासी घमासान, बोले- तब जो कहेंगे करने को तैयार; खास बातचीत में क्या दिए जवाब

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

जयपुर। कांग्रेस नेता डोटासरा ने 'खास बातचीत में कहा कि अगर, उनके पास मेरी किसी असंसदीय बात का ऑडियो वीडियो है तो सदन में पेश करें। फिर जो कहेंगे मैं करने के लिए तैयार हूं। जो मुझे पलटूराम कह रहे हैं वे गीता पर हाथ रख कर यह कह दें।

इंदिरा गांधी को कांग्रेस की दादी बताने वाली टिप्पणी से शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निलंबन तक जा पहुंची। डोटासरा पर आसन को अपमानित करने के आरोप लगाए जा रहे हैं। डोटासरा कह रहे हैं कि इसका कोई साक्ष्य हो तो पेश करें। फिलहाल, सदन में की गई एक टिप्पणी से छिड़ा सियासी घमासान अब आर-पार की लड़ाई तक पहुंच चुका है। अमर उजाला ने इस मामले में डोटासरा से खास बातचीत की। पढ़िए, उन्होंने सवालों के क्या जवाब दिए..?

सवालः आप पर आरोप लग रहे हैं कि सदन में कार्यवाही स्थगित होने के बाद आपने स्पीकर के लिए अपमान जनक शब्द कहे। क्या यह सही है?

जवाब- जो उन्होंने अखबार के आधार पर सदन में चर्चा करवाई। लोकसभा और राज्यसभा से लेकर ऐसे हजार उदाहरण हैं कि किसी भी अखबार को लेकर सदन में कोई भी चर्चा नहीं करवाई जा सकती। अगर, इनके पास मेरी किसी असंसदीय बात का कोई ऑडियो-वीडियो है तो उसे पेश करें। इसके बाद वे जो कहेंगे मैं करने के लिए तैयार हूं।

सवालः आप पर एक और बड़ा आरोप है कि स्पीकर के चैंबर में जो समझौता हुआ आप उस पर नहीं टिके। संसदीय मंत्री आपको पलटू राम कह रहे हैं?



जवाबः बात यह हुई थी कि संपूर्ण घटनाक्रम के लिए खेद प्रकट करेंगे और मैंने 3 बार संपूर्ण घटनाक्रम पर खेद प्रकट किया। आज ये लोग कह रहे हैं कि डोटासरा पलटूराम है। मैं तो गोविंद राम हूं पलटू राम नहीं हूं। फिर भी मैं कह रहा हूं कि वे गीता पर हाथ रखकर कह दें जो सनातन धर्म की बात करते हैं। यही नहीं मैं यह भी कह रहा हूं कि किसी काल्पनिक खबर के आधार पर उनको दुख हुआ है तो मैं व्यक्तिगत रूप से उनके घर जाकर उनसे मिलकर खेद प्रकट करूंगा।

सवालः यह भी कहा जा रहा है कि आप स्पीकर को सीधे तौर पर टारगेट कर रहे हैं, आपका आचरण सही नहीं है?

जवाबः मैं चार बार सदन में चुनकर आया हूं। यही नहीं 2016 में इन्हीं की सरकार में मुझे सर्वश्रेष्ठ विधायक चुना गया था। इस एक घटना से पहले मेरा कभी भी निलंबन नहीं हुआ, न ही मुझे पहले कभी वॉर्निंग दी गई। तो यह कहना कि मैं संसदीय परंपराओं को जानता नहीं, उनका निर्वहन नहीं करता या मेरा आचरण ठीक नहीं है, यह बिल्कुल गलत बात है। इसका कोई मतलब नहीं है। सवाल यह है कि एक मंत्री के द्वारा प्रश्नकाल में बेवजह भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की गई। मैं डॉयस पर इसी टिप्पणी को एक्सपंज करवाने के लिए चढ़ा था। इसके अलावा डॉयस पर तो तीन लोग ही चढ़े थे, जबकि शाम को 6 लोगों को निलंबित कर दिया गया। डॉयस पर पहले भी लोग जाते रहे हैं। खुद देवनानी जी भी पिछली सरकार में डॉयस पर चढ़ने के मामले में निलंबित हुए थे।

सवालः सदन में विवाद के बाद स्पीकर के चैंबर में क्या समझौता वार्ता हुई थी?

जवाबः निलंबन के बाद जो गतिरोध बना, उसके बाद सहमति बनी। जोगाराम पटेल ने सबके सामने मुझसे पूछा कि क्या आप माफी मांगेंगे? इस पर मैंने स्पष्ट रूप से कहा था कि मैं माफी नहीं मांगूंगा, क्योंकि जब मैं डॉयस पर चढ़ा तो मेरा इशारा और चेहरा मंत्री की तरफ था। इसके बाद बात यह हुई की जनता के मुद्दे आने चाहिए तो हमने कहा ठीक है। बाद में जोगाराम मुझे स्पीकर के चैंबर में लेकर गए और उन्होंने कहा कि खेद प्रकट करके इस बात को समाप्त करो। तो मैंने कहा कि संपूर्ण घटनाक्रम के लिए मैं खेद व्यक्त कर दूंगा। इस पर उन्होंने कहा बस बात हो गई। इसके बाद स्पीकर बेवजह सदन चलाने लगे। हमने संसदीय कार्यमंत्री से पूछा तो उन्होंने कहा कि मैं बात कर-के आता हूं। फिर हम फिर स्पीकर के चैंबर में खाना खाने पहुंचे। यहां स्पीकर ने कहा कि मीडिया में एक बात चल रही है तो मैंने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है फिर भी जब सदन शुरू होगा तो मैं जब खेद प्रकट करूंगा तो एक भाव उसका भी आ जाएगा। इसके बाद मैंने 3 बार खेद प्रकट कर दिया। अब इसके बाद क्या बच गया।

# श्याम बाबा के भक्तों के लिए 17 किमी तक बिछाया जा रहा कारपेट, VIP दर्शन बंद, जानिए व्यवस्थाएं

सीकर । खाटू श्याम मेला 28 फरवरी से शुरू हो रहा है। इस मेले में 30 लाख से ज्यादा भक्तों के शामिल होने का अनुमान है। पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए 17 किलोमीटर का कारपेट बिछाया गया है। मेले में आने वाले बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। वहीं, वीआईपी दर्शन बंद कर दिए गए हैं।

खाटू श्याम बाबा का लक्खी मेला 28 फरवरी से शुरू होने वाला है। मेले के शुरू होने में अभी दो दिन शेष हैं, लेकिन पैदल यात्रा करने वाले भक्त एक दिन पहले ही बाबा के दर्शन के लिए रवाना हो रहे हैं। यह मेला लगातार 12 दिन तक चलेगा। इस बार 30 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है।

श्रद्धालुओं की सुविधाओं का खास ख्याल रखते हुए रींगस से खाटू श्याम मंदिर तक 17 किलोमीटर लंबा कारपेट बिछाया गया है ताकि पैदल यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो। जयपुर सहित आसपास के कई जिलों से लाखों भक्त पैदल यात्रा करते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए जयपुर से रींगस तक हाईवे के किनारे एक कच्चा रास्ता तैयार किया गया है।

इस कच्चे रास्ते को जेसीबी से समतल और आरामदायक बनाया गया है, जिससे भक्तों के पैरों में छाले न पड़ें और हाईवे पर चलने वाले वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इसके अलावा, रास्ते में जगह-जगह आराम गृह भी बनाए गए हैं, जहां श्रद्धालु विश्राम कर सकेंगे।

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए खाटू श्याम मेला मैदान से मंदिर तक 8 किलोमीटर लंबा जिगजैग रास्ता बनाया गया है। इस दूरी को तय करने में करीब 5 घंटे लग सकते हैं। इस पूरे जिगजैग रास्ते को टीन शेड से कवर किया गया है, ताकि श्रद्धालु धूप और बारिश से बच सकें। मेला प्रभारी एसडीएम मोनिका सामोर ने बताया कि इस बार सरकारी प्रोटोकॉल वाले वीआईपी को छोड़कर किसी भी अन्य व्यक्ति के लिए वीआईपी दर्शन की अलग से व्यवस्था नहीं होगी।

# महाशिवरात्रि पर बाबा महाकाल की सवारी में उमड़ा जनसैलाब, अघोरियों के करतब देखकर दंग रह गए लोग

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

केकड़ी । महाशिवरात्रि पर केकड़ी शहर 'बम बम भोले, हर हर महादेव और ओम नमः शिवाय' के जयकारों की गूंज से तरंगित हो उठा। इस अवसर पर बाबा महाकाल की शहर में ऐसी सवारी निकली कि लोग सम्मोहित हो गए। केकड़ी शहर में महाशिवरात्रि पर अलग ही नजारा दिखाई दिया, जो कई अर्थों में अनूठा था। यहां नगर भ्रमण पर निकले बाबा महाकाल की सवारी के दौरान पूरा शहर सम्मोहित होकर थम सा गया। विशेष उत्साह और भक्ति के चलते महाशिवरात्रि पर बाबा महाकाल की शाही सवारी में जनसैलाब उमड़ पड़ा। भीड़ का आलम यह था कि शहर की सड़कें और चौराहे भी छोटे पड़ गए। पूरा शहर गुलाल और फूलों की बारिश से महक उठा। मानो केकड़ी नगर ने नया कलेवर धारण कर लिया हो।

महाशिवरात्रि पर बाबा महाकाल ने भव्य व शाही सवारी के साथ नगर भ्रमण किया। बाबा महाकाल की यह सवारी हजारों स्वयंसेवकों की देखरेख में सुबह पुरानी तहसील परिसर स्थित तत्कालेश्वर महादेव मंदिर से विशेष पूजा-अर्चना के बाद प्रारंभ हुई। यह यात्रा पुलिस थाने के बाहर से होकर तीन बत्ती चौराहा, अजमेरी गेट, घंटाघर, सदर बाजार, खिड़की गेट, लोढ़ा चौक, चारभुजा मंदिर, माणक चौक, सूरजपोल गेट, हरिजन बस्ती, भैरू गेट, बड़ा गुवाड़ा, सरसड़ी गेट, बस स्टैंड, अजमेर रोड व बीजासण माता मंदिर होते हुए पुनः तत्कालेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।



हजारों भक्तों के जयघोष के बीच शाही लवाजमे के साथ बाबा महाकाल की पालकी जहां-जहां से गुजरी, वहां मौजूद श्रद्धालुओं द्वारा इस कदर बेशुमार गुलाल व फूलों की बारिश की गई कि शहर की सड़कों व चौराहों पर गुलाल व फूलों से लाल रंग की चादर सी बिछ गई। शाही सवारी के मार्ग पर 21 क्विंटल गुलाल व 50 क्विंटल फूलों की बारिश की गई। उज्जैन से आए अघोरी कलाकारों द्वारा भगवान भोलेनाथ के नगर भ्रमण के दौरान शिव तांडव का ऐसा अद्भुत स्वांग प्रस्तुत किया कि लोग दंग रह गए। पूरा शहर भोले भंडारी की भक्ति में डूब गया। हर जगह बाबा महाकाल के जयकारों के नारे गूंज रहे थे।

अघोरी कलाकारों द्वारा शिव तांडव, शिव विवाह, भस्म आरती, महाभिषेक आदि प्रसंगों के माध्यम से शिवजी की कथाओं का जीवन्त प्रदर्शन किया गया। सवारी के दौरान उज्जैनी तोपों द्वारा बाबा महाकाल को सलामी दी गई। शाही सवारी के दौरान महाबली हनुमान व महाबली शंकर का रूप धरे कलाकार आकर्षण का केंद्र रहे। साथ ही एक दर्जन अलग-अलग देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां भी सवारी में शामिल थीं, जिन्हें देखकर शहरवासी मंत्रमुग्ध हो गए।

शाही सवारी के मार्ग पर जगह-जगह आकर्षक रंगोलियां सजाई गईं। शहर के सभी वर्गों के लोगों ने भक्तिभावपूर्वक शाही सवारी का भव्य स्वागत किया। क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम भी इस दौरान घंटाघर पहुंचे और महाकाल की शाही सवारी का स्वागत किया।

नगर भ्रमण पूरा होने के बाद दोपहर को यहां बाबा महाकाल की भव्य व विशाल भस्म आरती की गई। तत्पश्चात तत्कालेश्वर महादेव मंदिर परिसर में नवनिर्मित वेदी में विधिवत पूजा-अर्चना कर बाबा महाकाल की मनमहेश प्रतिमा को विराजमान किया गया। इस अवसर पर पौराणिक तत्कालेश्वर महादेव मंदिर, बालाजी मंदिर व बाबा महाकाल के मंदिर के शिखरों पर कलशों की स्थापना भी की गई।

# राजस्थान दिवस पर वैश्विक मंचों पर गूंजेगा लोक संगीत, रहीस भारती और धोद बैंड का वर्ल्ड टूर

जयपुर। 29 मार्च को राजस्थान दिवस के मौके पर धोद बैंड इटली में प्रवासी राजस्थानियों के बीच विशेष प्रस्तुति देगा। इस कार्यक्रम के लिए भारतीय दूतावास ने विशेष रूप से आमंत्रित किया है। राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने वाले रहीस भारती और उनके प्रसिद्ध धोद बैंड अपनी 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर वर्ल्ड टूर के लिए रवाना हो रहा है। इस ऐतिहासिक दौरे की शुरूआत 6 मार्च से फ्रांस के लूमो शहर से होगी, जिसके बाद बैंड विभिन्न देशों में राजस्थान की लोक कला और संगीत का जादू बिखेरेगा। 29 मार्च को राजस्थान दिवस के मौके पर धोद बैंड इटली में प्रवासी राजस्थानियों के बीच विशेष प्रस्तुति देगा। इस कार्यक्रम के लिए भारतीय दूतावास ने विशेष रूप से आमंत्रित किया है।

# जिलेभर में धूमधाम से मनाया महाशिवरात्रि का त्यौहार

## मंदिरों में सुबह से ही उमडी भारी भीड, श्रद्धालुओं ने किया भोलेनाथ का जलाभिषेक, सडकों पर रही डाक कांवडियों की धूम

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** महाशिवरात्रि का त्यौहार बुधवार को जिलेभर में उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। वहीं पर्व पर शहर की सडकों पर डाक कांवडियों की धूम रही। बोल बम के जयकारों व बाबा के भजनों से पूरा शहर गुंजायमान रहा।





महाशिवरात्रि का त्यौहार जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। सुबह 4 बजे से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का जलाभिषेक कर मनौतियां मांगी। शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम, कैराना रोड स्थित सिद्धपीठ गुलजारी वाला मंदिर, भाकूवाला मंदिर, सती वाला मंदिर, सदाशिव मंदिर रेलपार, शिवमूर्ति सुभाष चौंक सहित सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी रही। कतार में लगे सभी शिवभक्त हर हर महादेव और बोल बम बोल बम के जयकारे लगाते दिखाई दिए। इसके चलते शहर का माहौल पूरी तरह से शिवमय दिखाई दिया। मंदिरों को भी सुंदर एवं आकर्षक ढंग से सजाया गया था। महिलाओं व पुरुषों के जलाभिषेक के लिए अलग-अलग



लाइनों की व्यवस्था की गयी थी। वहीं हरिद्वार से कांवड में गंगाजल लेकर आने वाले शिवभक्तों के लिए भी विशेष व्यवस्था की गयी थी। मंदिरों में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गयी थी। वहीं दूसरी ओर महाशिवरात्रि पर्व को लेकर बुधवार को शहर की सडकों पर डाक कांवडियों की धूम रही। हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले डाक कांवडियों में बडी संख्या में हरियाणा, पानीपत के युवा रहे। हरिद्वार से गंगाजल लेकर हरियाणा लौट रहे डाक कांवड़ियों के जत्थे बुधवार सुबह से ही शहर में आने शुरू हो गए थे। धीमानपुरा रेलवे फाटक पर होते हुए डाक कांवड़िया शिवचौक, एमएसके रोड, वीवी इंटर कॉलेज रोड होते हुए फव्वारा चौक और विजय चौक से हरियाणा की तरफ निकले। रेलवे फाटक बंद होने के कारण जाम लगा, तो डाक कांवड़ियों की भागमभाग के कारण भी रास्तों पर वाहन जहां के तहां थम गए थे। शहर के भिक्की मोड़, धीमानपुरा फाटक, शिवमूर्ति, फव्वारा चौक, अजंता चौक, विजय चौक, रेलपार बाईपास, मंडी रोड, रेलवे रोड, बुढ़ाना रोड आदि जगह जाम की स्थिति बनी रही।

### महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

कैराना। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर शिवभक्त कांवडियों व श्रद्धालुओं ने शिवालयों में जलाभिषेक किया। महाशिवरात्रि पर बुधवार सुबह से ही नगर के प्राचीन बाबा बनखंडी महादेव मंदिर में श्रद्धालु पहुंचने शुरू हो गए थे। इस अवसर पर हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर आने वाले शिवभक्त कांवड़ियों एवं नगर के श्रद्धालुओं की जलाभिषेक करने के लिए लंबी लाइनें लग गई। जहां उनके द्वारा जलाभिषेक किया गया। वहीं, महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर को फूलों व रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया। इस



दौरान हर-हर महादेव के जयकारे भी सुनाई दिए।

# विधायक नाहिद हसन ने गन्ना किसानों के मुद्दो को विधानसभा में उठाया

## कहा' यूपी सरकार का बजट किसानों व आम आदमी के लिए नाकाफी

**एनपीटी संवाददाता**

**कैराना।** कैराना विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक चौधरी नाहिद हसन ने गन्ना किसानों के मुद्दो को विधानसभा में पुरजोर तरीके से उठाया। साथ ही उन्होंने यूपी सरकार के बजट को किसानो व आम आदमी के लिए फायदेमंद नहीं बताया है।



विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान कैराना विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक चौधरी नाहिद हसन ने गन्ना किसानों के मुद्दो पर बोलते हुए कहा कि जनपद शामली के थानाभवन बजाज शुगर मिल पर किसानों का लगभग डेढ करोड रुपये, शामली शुगर मिल पर पिछले साल का 103 करोड रुपये व ऊन शुगर मिल पर 46 करोड रुपये गन्ने का बकाया है। समय पर शुगर मिल किसानों के गन्ने का भुगतान नहीं कर रही है। जिस कारण किसान परेशान है। वहीं विधायक ने कहा कि सन 2023 में सरकार ने किसानों से उनके नलकूपों का बिजली का बिल माफ करने का वादा किया था, जो आज तक भी पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अगर गन्ना किसानों के साथ इसी तरह की ठगी होती रही तो वो दिन दूर नहीं जब गन्ना किसानो को गन्ने की फसल को छोड़कर अन्य फसल उगाने को मजबूर होना पडेगा। वहीं उन्होंने बजट पर बोलते हुए कहा कि यूपी सरकार बजट को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही है। बजट का असर धरातल पर दिखाई नहीं दें रहा है। यूपी का किसान और आम आदमी इस बजट से अपने आपको ठगा महसूस कर रहा है। बजट का फायदा न तो किसान को हो रहा है और न ही आम आदमी को। बजट में पश्चिम यूपी को कुछ नहीं दिया गया। इसके अलावा विधायक ने कहा कि सहकारी चीनी मिलों में 20 से 22 हजार कर्मचारी काम करते है। उनकी मांग है कि उनका डीए बढ़ाकर 54 प्रतिशत किया जाए। किसान सम्मान निधि की राशि 6 हजार रुपये से बढ़ाकर 12 हजार रुपये की जाए। हर किसान को किसान सम्मान निधि मिले। वहीं उन्होंने कहा कि खाद्य, यूरिया व डाई की लगातार कीमतों पर बढाई जा रही है। किसानों को खाद यूरिया डाई लेने के लिए लाइनों में लगना पड़ता है तथा पुलिस की लाठियां खानी पड़ती है। किसानों को जबरदस्ती लिक्विड नैनो लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है। नैनो कम्पनी किसकी है, ये सबको पता है। पोटाश कंपनी किसकी है, ये भी सबको पता है। वहीं 50 किलोग्राम खाद के कट्टे का वजन घटाकर 45 किलोग्राम कर दिया गया है। साथ ही उसके दाम भी बढ़ा दिए गए है। वहीं विधायक ने कहा कि करीब 5 माह पहले सहारनपुर में सहकारी समिति में नौकरियों को लेकर बड़ा गबन हुआ। एक-एक नौकरी के लिए 20-20 लाख रुपये लिए गए। 97 में से 70 नौकरियों को निरस्त कर दिया गया। जिसकी जांच चल रही है। किसान की फसल जब नष्ट होती है तो किसान को मुआवजा 10% ही दिया जाता है। विधायक ने किसानों की फसलो के नुकसान का मुआवजा 50% करने की मांग की है। वहीं उन्होंने कहा कि सरकार का कहना है कि 22 हजार सोलर पंप लगा दिए गए है। उन्होंने कहा कि उनके गृह जनपद शामली में कहीं भी सोलर पंप नहीं लगा है। वहीं विधायक ने जनपद शामली में ट्रॉमा सेंटर व खस्ताहाल सड़कों को बनवाने की भी मांग विधानसभा पटल पर पुरजोर तरीके से उठाई।

# महाकाल बाबा की निकाली गयी भव्य बारात, कई जगह स्वागत



**एनपीटी संवाददाता शामली।** शहर के हलवाई हट्टा स्थित श्री सत्यनारायण शिव मंदिर से बाबा महाकाल की भव्य बारात धूमधाम से निकाली गयी। सुबह के समय बाबा का तिलक किया गया। इसके बाद बारात का शुभारंभ हुआ जो मंदिर से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से निकाली गयी। बारात का जगह जगह भव्य स्वागत भी किया गया। इसके बाद माता पार्वती व भगवान शिव की वरमाला भी हुई। शाम के समय बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। इस मौके पर नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल, मनोज मित्तल, रोबिन गर्ग पुनीत द्विवेदी, विवेक प्रेमी, अमित मित्तल, सचिन, लव वर्मा, हर्षित, हर्ष, शिवम, अंकित, अमन, सजल, राघव, अनमोल, हिमांशु भी मौजूद रहे। दूसरी ओर शहर के मंदिर भाकूवाला से भी भगवान महाकाल की भव्य पालकी यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# यज्ञ से वातावरण व पर्यावरण शुद्ध होता है: सुमित्र अंगिरस

### आर्य समाज द्वारा वेद प्रचार सप्ताह के दौरान यज्ञ एवं भजन कार्यक्रम

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** आर्य समाज मन्दिर में ऋद्धिबोध उत्सव के उपलक्ष्य में चल वेद प्रचार सप्ताह के चौथे दिन सहारनपुर से पधारे आर्य विद्वान ने अपने भजनों से आर्यजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर यज्ञ का भी आयोजन हुआ वहीं यजमानों को सत्यार्थ प्रकाश भी भेंट की गयी।

बुधवार को ऋषि बोध उत्सव उत्सव के चौथे दिन नगर पालिका सभासद विनोद तोमर के आवास पर हवन यज्ञ एवं प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वैदिक यज्ञ आर्य समाज के पुरोहित आचार्य आदित आर्य ने सम्पन्न कराया। यज्ञ के बाद यजमानों को सत्यार्थ प्रकाश भेंट किया गया। आर्य विद्वान सुमित्र अंगिरस ने यज्ञ का वैज्ञानिक स्वरूप बताया। उन्होंने कहा की आर्य समाज का उद्देश्य संसार का उपकार करना है, यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है और पर्यावरण स्वस्थ होता है। उन्होंने कहा कि अपने जीवन को याज्ञिक बनाए। दयानंद ने सत्य शिव का दर्शन कराया है, आज शिवरात्रि का पर्व ऋषि बौद्ध उत्सव की रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर संरक्षक रघुवीर सिंह आर्य, प्रधान राजपाल आर्य, गोपाल आर्य, मंत्री नितिन वर्मा, पूर्व विधायक तेजेन्द्र निर्वाल, यज्ञ प्रभारी सुंदरलाल आर्य, सुभाष धीमान, आचार्य देवेंद्र देव आर्य, नरेंद्र अग्रवाल, विजय कौशिक, रामकुमार गुप्ता, राजीव धीमान, सचिन आर्य, विकास धीमान, नरेंद्र धीमान, कमला आर्य, सन्तोष आर्य, मीरा वर्मा, कौशल्या आर्य, नीलम आर्य, मंजू आर्य, श्वेता आर्य आदि उपस्थित रहे।





# अपना घर आश्रम ने बिछुडे को परिवार से मिलाया



**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** अपना घर आश्रम ने एक बार फिर परिवार से बिछुडे एक व्यक्ति को परिवार से मिला दिया। व्यक्ति को सकुशल देखकर परिजन भावुक हो गए। बाद में परिवारजन व्यक्ति को अपने साथ ले गए। जानकारी के अनुसार वर्ष 2024 में एक लावारिस व्यक्ति को अपना घर आश्रम में भर्ती कराया गया था। व्यक्ति का आश्रम में उचित उपचार व देखरेख की गयी जिसके बाद व्यक्ति ने अपने घर जाने की इच्छा जतायी तथा अपना नाम मुकेश निवासी अवध बिहारी लेन नीलकंठ चौक ब्रहमपुरा मुजफ्फरपुर बिहार बताया। नेट पर सर्च करने के बाद वहां के थाने के नंबर पर व्यक्ति के बारे में जानकारी दी गयी। एक घंटे बाद पुलिस ने व्यक्ति के परिजनों से बात कराई। परिजनों ने बताया कि मुकेश 2 साल पहले बिना बताए घर से निकल गए थे, उन्होंने काफी खोजबीन की लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग पाया था। बुधवार को परिजन अपना घर आश्रम पहुचे तथा युवक को सकुशल देखकर भावुक हो गए। बाद में कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद परिजन युवक को लेकर बिहार चले गए।

# मसाज सेंटर संचालक पर हमले के दो आरोपित गिरफ्तार

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** शहर के कनिका काम्पलेक्स में चल रहे मसाज सेंटरों के आपस में पैसों के लेनदेन को लेकर एक अन्य मसाज सेंटर पर हमले के दो आरोपितों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपितों का शांतिभंग की धारा में चालान किया है। इस मामले मे अन्य आरोपी फरार है। जानकारी के अनुसार शहर के कनिका काम्पलेक्स में चल रहे मसाज सेंटरों के आपस में रुपयों के लेनदेन को लेकर एक अन्य मसाज सेंटर संचालक से विवाद चल रहा था जिसको लेकर दो मसाज सेंटरों के संचालकों ने एक अन्य मसाज सेंटर के संचालक पर हमला बोल दिया था। घटना के संबंध में पुलिस ने बुधवार को हमले के दो आरोपितों दानिश व रविन्द्र मलिक को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों आरोपितों का शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में फरार अन्य आरोपितों को भी जल्द पकड लिया जाएगा।



## मौसेरी बहन ने लगाया मारपीट करने का आरोप

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव में मौसेरी बहन के साथ युवक ने जबरन छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। घटना का विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। घटना के संबंध में पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जनपद बागपत निवासी युवती ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह अपनी मां के साथ अपनी मौसी के घर आई थी। पीड़िता को बहन के घर छोड़ने के बाद पीड़िता की मां वापिस अपने घर चली गई थी। पीड़िता का आरोप है कि शाम के समय युवती अकेली अपनी मौसी के घर में बैठी हुई थी। आरोप है कि उसी समय मौसेरा भाई जबरन युवती के कमरे में घुस गया और बदनियती से दबोचने का प्रयास किया। युवती ने अपनी जान बचाने के लिए शोर शराबा किया तो आरोपी ने पीड़िता के साथ मारपीट की है। पीड़ित युवती ने डायल 112 को मामले की सूचना देकर मौके पर बुला लिया, आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## फाल्गुन मास महाशिवरात्रि पर बम बम की जय घोष के साथ जलाभिषेक

कांधला। नगर में फाल्गुन माड़ महाशिवरात्रि पर शिवमंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर शिवलिंग पर जल और दूध चढ़ाकर अभिषेक किया। इस दौरान शिवमंदिरों में हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे।बुधवार को देवों के देव महादेव की आराधना का पर्व महाशिवरात्रि को पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। फाल्गुन मास महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर नगर के सभी मुख्य शिवमन्दिर को फूलों और लाइटों से सजाया गया।भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ प्रातः काल से मंदिरों के द्वार पर उमड़ पड़ी। नगर के पूर्वी यमुना नहर स्थित सिद्ध पीठ, मनकामेश्वर व छोटी नहर स्थित सूरजकुंड महादेव मंदिर,नीलकण्ठ महादेव मंदिर, हीरालाल, शाकंभरी देवी भवन सहित दर्जनों स्थानो पर श्रद्धालुओं के द्वारा बम बम की जय घोष के साथ भगवान आशुतोष का जलाभिषेक कर मन्नते मांगी गई। शिव भक्तों ने भोलेनाथ के दर्शन किए और शिवलिंग पर जल, दूध, दही, शहद, घी चढ़ाकर अभिषेक किया। शिवजी को प्रिय भांग, धतूरा, बेलपत्र, फूल चढ़ाए गए। धूपबत्ती और घी के दीपक जलाकर आरती उतारी गई। मंदिरों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग गईं।

## संक्षेप समाचार :

### बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

कैराना। एक व्यक्ति ने बाइक चोरी के संबंध में अज्ञात के विरूद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। मुजफ्फरनगर जिले के कस्बा बुढाना के मोहल्ला भटवाडा निवासी बृजेश कुमार ने स्थानीय कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि वह अपनी बाइक पर कैराना में किसी कार्य से आया था। जहां पानी की टंकी के निकट बाइक खड़ी कर वह बाथरूम के लिए चला गया। इसी दौरान अज्ञात द्वारा बाइक को चोरी कर लिया गया। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने चोर की तलाश शुरू कर दी है।

### कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

कैराना। काठा नदी के पुल के निकट से पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक की कैन के अंदर से दस लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आनंद निवासी गांव जंधेड़ी बताया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी का चालान कर दिया है।

### शिवालयों में गूंजे बम भोले के जयकारे, हुआ जलाभिषेक



जलालाबाद। जलालाबाद क्षेत्र में श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया महाशिवरात्रि पर्व, प्रातः 4 बजे से ही श्रद्धालुओ द्वारा शिवालय मे पहुचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया। पर्व को लेकर मंदिरों व शिवालयों को फूल मालाओं से सजाया गया है। प्रातः से ही श्रद्धालुओ की भगवान शिव को जलाभिषेक करने के लिए मंदिरो में लंबी कतार लगी रही। मराठा कालीन जालवाला शिव मंदिर, देतेश्वर महादेव मंदिर, शिव मन्दिर मोती बाजार प्राचीन शिव हनुमान मंदिर सहित भोलेनाथ के अन्य मंदिरों में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। मोती बाजार स्थित राधा कृष्ण मन्दिर स्थित शिवालय मे अखण्ड ऊँ नम शिवाय का जाप निरन्तर चलता रहा जिसमे सैकडो शिव भक्त शामिल रहे। महिला पुरुष भक्तों के साथ बच्चो ने भी महाशिवरात्रि का व्रत रखा और शाम के समय विधि विधान से शिव पार्वती का पूजन के पश्चात अपना व्रत खोला। ज्योतिषाचार्य पंडित चंद्रमोहन शास्त्री, पंडित प्रणव भारद्वाज ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर पूजा-अर्चना एवं रुद्राभिषेक अवश्य करें और महाशिवरात्रि की कथा भी सुनें।

### जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

कैराना। जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। 22 दिसंबर 2024 को गांव झारखेड़ी निवासी मनीष ने अपने भाई अंकित व चाचा नंद कुमार के साथ खेत में कार्य करते समय कुछ आरोपियों पर जानलेवा हमला करने व गाली गलौज करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। मंगलवार की रात पुलिस ने जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी संदीप निवासी ग्राम झाडखेड़ी थाना कैराना को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

# मोक्ष व परमात्मा को पाना है तो गुरु के बताए मार्ग पर चलें: स्वामी रामदेव

## दयाल आश्रम में धूमधाम से मनाया महाशिवरात्रि का पर्व, अर्द्धरात्रि जागरण भी आयोजित, श्रद्धालुओं ने लिया भाग

**एनपीटी संवाददाता**

**थानाभवन।** कस्बा स्थित दयाल आश्रम में महाशिवरात्रि के पर्व पर हवन, भजन, कीर्तन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर परिवार की सुख शांति की कामना की। इससे पूर्व मंगलवार की रात आश्रम में अर्द्धरात्रि जागरण का आयोजन भी किया गया जिसमें श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे। कस्बा स्थित दयाल आश्रम में महाशिवरात्रि के मौके पर हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर भगवान शिव की पूजा अर्चना की। इस मौके पर महंत स्वामी रामदेव महाराज ने कहा कि गुरु के बिना परमात्मा की प्राप्ति संभव नहीं है। अगर मनुष्य मोक्ष व परमात्मा को पाना चाहता है तो गुरु द्वारा बताए गए रास्ते पर चलकर प्राप्त कर सकता है। जीवन मरण से मुक्ति पाने के लिए परमात्मा की शरण में जाने से मनुष्य का कल्याण होता है। कथा व्यास मनोज महाराज ने शिव भगवान से जुड़े रहस्य और कथा श्रद्धालुओं को सुनाए। इसके बाद महन्त स्वामी रामदेव के प्रवचन के बाद श्रद्धालुओं ने दयाल आश्रम में ही किए गए हवन में आहुति डालकर हवन का समापन किया। हवन के बाद श्रद्धालुओं ने दयाल आश्रम में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इससे पूर्व मंगलवार की रात आश्रम में अर्द्धरात्रि जागरण का भी आयोजन किया गया जिसमें भजनों पर श्रद्धालू झूमते रहे। इस मौके पर सुभाष नारंग, मदन नारंग, निक्का चावला, कुलदीप गर्ग, रामप्रताप कालिया आदि लोगों का योगदान रहा।





# वीवी पीजी कालेज में रासेयो शिविर का समापन

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** शहर के वीवीपीजी कालेज में चल रहे रासेयो के शिविर का बुधवार को समापन हो गया। अंतिम दिन शिविर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं को पुरस्कारों से सम्मानित भी किया गया। जानकारी के अनुसार शहर के वीवी पीजी कालेज में चल रहे रासेयो शिविर के बुधवार को समापन के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज प्रबंध समिति के सचिव दीपक जैन ने की जबकि मुख्य अतिथि मां शाकुंभरी विवि सहारनपुर के रासेयो समन्वयक डा. भूपेन्द्र कुमार ने युवा पीढी को चारित्रिक विकास पर ध्यान देने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि हमारे लिए सर्वप्रथम राष्ट्र है और जाति धर्म आदि गौण है। भारतीयता की भावना ही मुख्य होनी चाहिए। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य, भाषण, रंगोली आदि में भाग लिया जिन्हें पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा. मुकेश और डा. कुणाल ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी अर्शी खान, डा. गिरीश नारायण यादव, डा. निर्भय सहित कालेज का स्टाफ भी मौजूद रहा।



### झारखण्ड विधानसभा बजटीय सत्र में जिला पाकुड़ के हितार्थ क्या हो सकता है खास?

# मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल या फिर औद्योगिक इकाई? क्या सपने होंगे सकार?



**एनपीटी**

झारखण्ड राज्य के पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के अधिकतर आमजनों के मुताबिक पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलामगीर आलाम को व्यवहारिक रूप से सरल स्वभाव व अच्छे इन्सान की व्यक्तित्व रखने की श्रेय/ प्रायोरिटी देते हैं। मगर बीते कई महीना पहले पूछताछ के दौरान ईडी द्वारा हिरासत में लेने और फिर जेल में डाले जाने के पश्चात क्षेत्र के आमजनों की हृदय में हुई सहानुभूति की समायोजन एवं कांग्रेस कार्यकताओं की अथक प्रयास व हेमन्त सोरेन- कल्पना सोरेन की खटाखट- खटाखट वाली शब्दोच्चारण जो मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के तौर पर एक हजार के बदले ढाई हजार सरकार बनते ही प्रतिमाह देने की असर से झारखण्ड विधानसभा निर्वाचन- 2024 में सार्वाधिक मतों से विजयी रहे पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक निशात आलम के द्वारा बीते दिनों पहली बार पाकुड़ सदर अस्पताल सोनाजोड़ी का जायजा लिया गया जो सकारात्मक पहल की दिशा में एक कदम आगे बढ़ने की लक्ष्य को दशार्या। मगर आधुनिक वैश्विक दौर में पाकुड़ को संवारने की दिशा में विविध स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था, अच्छी शिक्षा व्यवस्था व रोजगार की आयाम स्थापित करने की जरूरत को हृदय की एहसास में पाकुड़ वासियों की जरूरतों का ध्यान केन्द्रित करते हुए उपचार/शिक्षा / रोजगार सम्बन्धी आवश्यक अवयवों को सुनिश्चित करने की इच्छा शक्ति को तवज्जो देने होंगे। तभी माकूल इंतजाम की दिशा में विविध स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था अन्य अवयवों को स्थापित करने की लालट प्रकट में आयेगी। पाकुड के आम- जनों सहित बुद्धिजीवियों के मुताबिक अब-तक के जनप्रतिनिधि सहित राज्य/ केन्द्र सरकारें भी पाकुड़ जिला वासियों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था उपलब्ध कराने की ध्यानार्थ मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल स्थापित नहीं करा सके और न ही रोजगार की अवसर/ आयाम स्थापित करने की दिशा में इंडस्ट्रीज/ औद्योगिक इकाई स्थापित करा सके। अपेतु इस दिशा में सिर्फ ना कामयाब ही नहीं, बल्कि फिसड्डी भी साबित हुए। बहरहाल जो भी हो हेमन्त सरकार 2.0 का झारखण्ड विधानसभा बजटीय सत्र का आगाज 24 फरवरी 2025 को प्रारम्भ हो चुकी है जो 27 मार्च 2025 तक सदन की आवाज अखबारों के पन्नों में सुर्खियां बटोरेंगे। ऐसे में जिला पाकुड़ के तीनों (महेशपुर, लिट्टीपाड़ा व पाकुड़) विधानसभा क्षेत्र के विधायकों के द्वारा अपने झ अपने क्षेत्र की सार्वांगीण विकास के लिए ढांचागत बुनियादी सुविधाएं जैसा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था के ध्यानार्थ साइंस/ मेडिकल/ इंजीनियरिंग की पढ़ाई व्यवस्था की आयाम समेत विविध स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था ( मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल) की उत्कृष्ट आयाम स्थापित कराने की अवयवों के साथ झ साथ रोजगार की अवसर ( औद्योगिक इकाई) स्थापित कराने की अवयवों को सुनिश्चित कराने की शब्दोच्चारण विधानसभा के बजटीय सत्र के दौरान सार्वजनिक करा पाने की भूमिका शत- प्रतिशत अदा होने की बिन्दुओं पर जिला वासियों समेत मीडिया की नजर स्वाभाविक है कि उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहे होंगे। वही 1994 में पाकुड़ जिला स्थापना के पश्चात पूर्व डीसी राधेश्याम बिहारी के कार्यकाल को काफी सराहा गया है और पुनः पाकुड़ में पहली बार डीसी के रुप में पदास्थापित हुए युवा डीसी मनीष कुमार ने पाकुड़ जिला को विकसित जिला के रूप में स्थापित करने की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं, जिसकी झलक अल्प समय अवधि में ही महसूस की जा रही है। साथ ही पाकुड़ वासियों में भी समायोजित हुआ है कि शायद डीसी मनीष कुमार की अहम भूमिका से जिला की तस्वीर बदल सकती है। उनकी जो अनुखा थीम है कि पिछड़ता पाकुड़ से पछाड़ता पाकुड़ की शब्दोच्चारण का समायोजन हो, वो काबिले तारीफ है जो पाकुड़ को संवारने की सहायक भूमिका को समायोजित कर सकता है।

# राज्यसभा सांसद महुआ मांझी सड़क हादसे में हुए घायल



**एनपीटी ब्यूरो**

राज्यसभा सांसद महुआ मांझी बुधवार 26 फरवरी 2025 को सड़क हादसे का शिकार हो गये। इस सड़क हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गये।उनका इलाज रांची के ऑर्किड में चल रहा है। सड़क हादसे को लेकर सीएम हेमन्त सोरेन ने मरांग बुरु से जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। सीएम हेमन्त सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर साझा किया कि राज्यसभा सांसद और झामुमो की वरिष्ठ नेता महुआ माझी जी और उनके परिवारजनों की सड़क दुर्घटना में घायल होने की सूचना मिली है। मरांग बुरु से महुआ जी और उनके परिवारजनों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। वही ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने भी सोशल मीडिया एक्स पर साझा किया है कि राज्यसभा सांसद महुआ मांझी जी की लातेहार में सड़क दुर्घटना में घायल होने की सूचना प्राप्त हुई है। बाबा बैद्यनाथ से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूँ। वही भाजपा के बाबूलाल मरांडी ने भी ट्वीट कर महुआ माजी की बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की है। उन्होंने एक्स हैंडल पर पोस्ट कर लिखा कि झामुमो की वरिष्ठ नेत्री एवं राज्यसभा सांसद महुआ माझी जी के सड़क दुर्घटना में घायल होने की सूचना प्राप्त हुई। ईश्वर से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूं। बता दे कि प्रयागराज के महाकुंभ से लौट रही झामुमो की राज्यसभा सांसद महुआ माजी की गाड़ी बुधवार सुबह लातेहार जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे सांसद महुआ माजी समेत उनके बहू- बेटे गंभीर रूप से घायल हो गये। फिलहाल सभी का इलाज रांची के ऑर्किड अस्पताल में चल रहा है।

# युवा नेत्री उपासना मरांडी ने महाशिवरात्रि मेले का किया आगाज

### शान्तिपूर्ण तरीके से आनंद लेने हेतु की अपील



**एनपीटी**

पाकुड़ जिले के पाकुड़िया मोंगलाबांध स्थित शिव मंदिर के समीप आयोजित महाशिवरात्रि मेला की बतौर मुख्यातिथि महेशपुर विधानसभा क्षेत्र से हैट्रिक लगाये विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी की सुपुत्री सह- झामुमो के युवा नेत्री उपासना मरांडी उर्फ पिंकी ने फीता काटकर महाशिवरात्रि मेले का उद्घाटन किया। झामुमो के युवा नेत्री उपासना मरांडी ने कहा कि इस तरह के मेला के आयोजन होने से आपसी भाईचारे को बढ़ाता है। इउन्होंने कहा कि भगवान शंकर देवों के देव महादेव हैं।

जिन्होंने जगत कल्याण के लिए विषपान किया। भगवान शंकर के श्रद्धा व भक्ति के साथ आराधना करने वाले श्रद्धालु भक्तों के हर एक मनोकामनाएं पूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि का त्योहार पूरे भारतवर्ष समेत विश्व के कई देशों में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है।

उपासना मरांडी ने सभी लोगों से शान्तिपूर्ण तरीके से मेले का आनंद उठाने की बात कही। इस दौरान मेला स्थल पर मौत कुआं, बूगी बूगी, ब्रेक डांस, सर्कस, झूला लगाया गया था। जिसे लोगों ने भरपूर आनंद लिया। इससे पहले झामुमो नेत्री उपासना मरांडी के पहुंचते ही उन्हें पुष्पगुच्छ देकर उनकी स्वागत किया गया। मौके पर कार्तिक पल, दीपक साह, सहित अनेक शिवभक्त मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया महाशिवरात्रि पर्व



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच पर्व को लेकर काफी उत्साह का माहौल रहा। पाकुड़ जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले में ऐसा माहौल देखा गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की उपस्थिति आस पास के मंदिरों में दिखी गई, जहां पुरुष, विवाहित महिलाएं व कुमारी कन्या अपनी मनोकामना पूरी होने के लिए भगवान शिव का पूजा अर्चना किया।

इस साल खास तिथि यानी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है, ऐसे में आज पूरे देशभर में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है।

शहर के शिव शीतला मंदिर, श्याम नगर, बिजली कालोनी, भगत पाड़ा, राजा पाड़ा के कालीबाड़ी, सिंहवाहिनी, पुलिस लाइन, बड़ी अलीगंज स्थित शिवालयों में श्रद्धालुओं के द्वारा पूजा अर्चना किया गया।

# सीएम हेमन्त सोरेन शिवजी बारात उद्घाटन कार्यक्रम में की शिरकत



**एनपीटी ब्यूरो**

झारखण्ड मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पूर्व निर्धारित जारी अधिसूचना के मुताबिक देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम की शिवरात्रि कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल होने से पहले मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के देवघर एयरपोर्ट पर आगमन पश्चात पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। साथ ही एयरपोर्ट परिसर में मुख्यमंत्री को गॉर्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

# आचार्य संस्कृति ज्ञान परीक्षा की प्रमाण पत्रों का हुआ वितरण

**एनपीटी ब्यूरो**

लातेहार (झा०ख०), लातेहार जिला के बारियातू प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में मंगलवार को आचार्य संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रमाण पत्रों का वितरण को लेकर कार्यक्रम आयोजित कि गई। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि सत्येंद्र कुमार सिंह एवं प्रधानाचार्य जितेंद्र राम ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती, ओउम् एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राम ने उपस्थित विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, महापुरुषों, ऐतिहासिक धर्मस्थलों और महान कवियों एवं इतिहासकारों के योगदान से परिचित कराना है। यह परीक्षा विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित की जाती है, जिसमें विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावक एवं शिक्षक- शिक्षिकाएं भी भाग लेते हैं। विद्यालय के शिक्षकों के लिए इस परीक्षा के चार स्तर - प्रवेशिका, मध्यमा, उत्तमा एवं प्रज्ञा होते हैं। इस वर्ष विद्यालय से प्रवेशिका स्तर में पांच एवं मध्यमा स्तर में पांच शिक्षकों ने भाग लिया। सभी उत्तीर्ण प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि सत्येंद्र कुमार सिंह द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति से जुड़े रहना आवश्यक है। उन्होंने संस्कृत भाषा के महत्व को बताते हुए कहा कि यह भाषा हमें संस्कारों से जोड़ती है और आध्यात्मिक विकास में सहायक होती है। उन्होंने कहा, ₹देश हमें बहुत कुछ देता है, हमें भी अपने समाज और देश के लिए योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मण राम ने किया और धन्यवाद ज्ञापन वीणा दीदी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य शशि कुमार सिंह, नीतीश कुमार ठाकुर, खुशबू कुमारी, मधुबाला कुमारी, लक्ष्मी मंडल, वंदना सिन्हा, सोनाली कुमारी, किरण दीदी सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# मोमबत्ती से घर में लगी आग, दो बच्चे झूलसे

**एनपीटी ब्यूरो**

लातेहार (झा०खं०), लातेहार जिला के बालूमाथ प्रखण्ड मुख्यालय कार्यालय के समीप एक होटल संचालक के घर सोमवार की देर रात्रि मोमबत्ती से आग लग गयी। जिससे होटल संचालक अमित कुमार के दो बच्चे 13 वर्षीय हंसराज एवं 10 वर्षीय खुशी रानी झुलसकर घायल हो गई। परिजनों द्वारा घायल अवस्था में दोनों बच्चों को रात्रि में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां दोनों का प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सकों ने छुट्टी दे दी। मिली जानकारी के अनुसार खुशी होटल प्रत्येक दिन रात्रि 11 से12 बजे तक होटल संचालन करते हैं। होटल घर के कुछ दूरी पर स्थित है। इस होटल में पति-पत्नी दोनों स्वयं रहते हैं तथा उनके दोनों बच्चे घर में सो रहे थे। सोमवार की रात्रि बालूमाथ में बिजली नहीं रहने के कारण दोनों बच्चे मोमबत्ती जलाकर सो गये। इसी बीच मोमबत्ती का लोव फोटो फ्रेम को पकड़ लिया और धीरे-धीरे धू धु कर पूरा घर में आग लग गया।

जब दोनों बच्चे की नींद खुली और स्वयं को सो रहे बिस्तर जलते देखा तो किसी तरह घर से भाग कर बाहर निकाला और शोर मचाया। तब परिजनों एवं आसपास के लोगों द्वारा बड़ी मशक्कत से आंग पर काबू पाया जा सका। अमित कुमार ने बताया कि इस आगजनी की घटना से बेड के नीचे रखे 55000 नगद एवं लगभग 35000 रुपया का सामान जलकर खाक हो गया है। उन्होंने बताया कि बच्चों का कुछ देरी और नींद नहीं खुलता तो कोई बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था।अमित कुमार ने बालूमाथ अंचलअधिकारी से उचित मुआवजा की मांग की है।

# झामुमो पाकुड़ इकाई ने की सीएम हेमन्त सोरेन से मुलाकात



**एनपीटी ब्यूरो**

झामुमो के पाकुड़ इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल रांची में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन एवं सीएम हेमन्त सोरेन से मुलाकात कर पाकुड़ ज़िले की ज्वलंत जनमुद्दों को सीएम के समक्ष पेश किया। इस दौरान कई अहम बिंदुओं पर विशेष चचार्एं भी की। झामुमो प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि सीएम हेमन्त सोरेन ने आश्वस्त किया कि यथाशीघ्र आपके द्वारा साझा की गई पाकुड़ के जनमुद्दों की निष्पादन विधिवत कर दी जायेगी। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष श्याम यादव, पूर्व जिला सचिव सोलेमान बास्की, हबीबुर रहमान उर्फ बबलू, मुकेश सिंह व अनारुद्दीन मियां मौजूद थे।

# इन्सानियत फाउन्डेशन के सहयोग से तीन जरूरतमंदों को मिली राहत

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ सोनाजोरी सदर अस्पताल में इलाजरत धोबाडंगा के 27 वर्षीय गर्भवती महिला इसमोतारा बीबी को ए पॉजिटिव, हिरणपुर रानीपुर के 30 वर्षीय आहना खातून जो गर्भवती है उन्हें ए पॉजिटिव एवं हाथीमारा के 20 वर्षीय हसीना बीबी जो पाकुड़ नर्सिंगहोम में एडमिट है को बी पॉजिटिव ब्लड कमी के कारण इलाज नहीं पा रहा था। काफी दिक्कत हो रही थी, डॉक्टर ने रक्त चढ़ाने को कहा। मरीजों के परिजनों ने रक्तदाता खोजने का प्रयास किया। लेकिन विफल रहा। इंसानियत फाउन्डेशन के सचिव बानिज शेख, परिवहन विभाग के कर्मचारी अजहद आंसरी एवं सदस्य जुबैर से सम्पर्क किया गया, सभी ने अपने मित्रगणों को जानकारी साझा कर रक्त अधिकोष जाकर रक्तदान कराया। जिनमां जुबैर आलम, सोयब अहमद और हाबिल शेख रक्त दाता के रूप मे मौजूद शामिल हुए और रक्तदान किया। परिजनों ने इन्सानियत फाउन्डेशन का शुक्रिया अदा किया।

रक्तदान दाताओं ने कहा कि बहुत अच्छा लगता है जब किसी जरूरतमंदो को अपना खून देकर मदद कर पाते हैं , आगे भी असहाय गरीब जरूरतमंद लोगों को रक्तदान करता रहूंगा। मौके पर सचिव बानिज शेख, एक्टिव सदस्य जुबैर शेख, नूर आलम, अलाउद्दीन शेख कर्मचारी नवीन कुमार और पियूष दास मौजूद रहे।

# मनोवर आलम ने स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था व खाद्य आपूर्ति से जुड़े समस्याओं से मंत्री को कराया अवगत



एनपीटी ब्यूरो

झारखण्ड स्वास्थ मंत्री डॉ इरफान अंसारी से हिरणपुर प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष मनोवर आलम ने उनके रांची स्थित मंत्री आवास में मुलाकात कर सदर अस्पताल सोनाजोड़ी के स्वास्थ व्यवस्था के संदर्भ में लिखित और मौखिक रूप से स्थिति को साझा किया। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री को सदर अस्पताल में मरीजों को दी जा रही भोजन की गुणवत्ता सहीं नहीं है, खाने लायक नहीं है, उसमें सुधार करने की आवश्यकता है को पेश किया। वही सदर अस्पताल में प्रतिदिन अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था करने की अनुरोध किया, ताकि मरीजों को दिक्कत न हो। इसके अलावे सदर अस्पताल में सभी प्रकार की दवा की व्यवस्था हो, सदर अस्पताल के अन्दर निजी मेडिकल स्टोर को हटाने की मांग रखा। वही मनोवर आलम ने मीडिया को बताया कि स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने पत्र को देखकर बातों को सुना और जल्द ही हल करने आश्वाशन दिया।मनोवर आलम ने खाद्य आपूर्ति में नियमित जांच करने,व समेत निगरानी टीम बनाने और गोदाम से डीलर को अनाज सही देने ( क्योंकि गोदाम से अनाज देने ने कटौती होती है) हेतु आवश्यक बिन्दुओं को साझा किया। साथ ही मनोवर आलम ने मंत्री के समक्ष डीएसडी द्वारा ओवरलोड अनाज लेजाने के कारण कई बार दुर्घटना हो चुकी है की जांच करवाने की भी मांग की। मनोवर आलम ने साझा किया कि स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सत्र के बाद इन सब मामले को देखकर सुधार किया जायेगा। साथ ही स्वास्थ व्यवस्था में सुधार किया जायेगा।

# सुन्दरदीप इंस्टीट्यूट के बी.एड. विभाग मे तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का आयोजन

**एनपीटी ब्यूरो**

गाजियाबाद। सुन्दरदीप इंस्टीट्यूट के बी.एड. विभाग मे तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का आयोजन हुआ

डासना स्थित सुन्दर दीप कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी गाजियाबाद के बी एड संकाय मे चल रहे तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर के समापन समारोह का आयोजन हुआ।

इस शिविर का संचालन श्याम सिंह (कमीश्नर भारत स्काउट गाइड) के सानिध्य मे बी.एड. और डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष के समस्त छात्र/छात्राओं ने शिविर मे उत्साह पूर्वक भाग लिया एवं शिविर से



संबंधित सभी विभिन्न किया कलापों में भाग लिया शिविर के अंतिम दिवस पर सभी छात्र/छात्राओं ने अपने-अपने समूह के विभिन्न राज्यों की झाकियाँ प्रस्तुत की जो इस शिविर का मुख्य आकर्षण का केन्द्र थी।

एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो० (डॉ०) प्रसेंनजीत कुमार ने इस अवसर पर बताया कि इस प्रकार के शिविर छात्रों मे नेतृतव क्षमता विकसित करने एवं साहसिक कार्यक्रमों में भागीदारी निभाना, स्वस्थ व तनाव मुक्त रहने मे सहायक होते हैं।

संस्थान के प्रति कुलपति पीयूष श्रीवास्तव, आई.जी. पुलिस (से०नि०) ने इस प्रकार के शिविर एक शिक्षक में राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्र की अपेक्षा के अनुरूप उत्तम नागरिक बनाने मे सहायक होते हैं।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ० अवधेश प्रताप सिंह, डॉ० हरवीर सिंह, डायरेक्टर होटल मैनेजमेंट, (डॉ०) दीपा कंवर, डिप्टी डायरेक्टर, मैनेजमेंट एवं समस्त शिक्षकगण मे डॉ० नेहा चौधरी, पूजा, वीनस त्यागी एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# हापुड़ में हेलीकॉप्टर से दुल्हन लेने पहुंचा मेरठ का दूल्हा... अनोखी विदाई को देखने के लिए उमड़ी भीड़

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

कुचेसर चौपला (हापुड़) दूल्हे प्रशांत चौधरी ने हेलीकॉप्टर को लेकर बताया कि हम दोनों की इच्छा थी कि हम अपनी शादी में कुछ अनोखा करें। इसलिए शादी में दुल्हन को लेने हेलीकॉप्टर से आये हैं।

हापुड़ के कुचेसर चौपला क्षेत्र में शादी के पल को यादगार बनाने के लिए बुधवार को गांव लुखराड़ा में एक दूल्हा हेलीकॉप्टर से दुल्हन लेने के लिए पहुंचा। हेलीकॉप्टर देखने के लिए गांव में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

मेरठ जनपद के मोहिद्दीनपुर निवासी प्रशांत चौधरी का रिश्ता बाबूगढ़



थाना क्षेत्र के लुखराड़ा निवासी राजू चौधरी की पुत्री के साथ हुआ था। मेरठ से दूल्हा प्रशांत चौधरी अपनी दुल्हन शिवानी चौधरी के साथ सात फेरे लेने के लिए हेलीकॉप्टर से यहां पहुंचा। हेलीकॉप्टर लुखराडा गांव में बने अस्थाई हेलीपैड पर पहुंचा। शादी के बाद जब विदाई का समय आया, तो दूल्हा-दुल्हन हेलीकॉप्टर से विदा हुए। इस दौरान ग्रामीणों के चेहरे पर उत्सुकता और खुशी झलक रही थी। परिवारवालों के साथ-साथ पूरे गांव के लिए यह शादी यादगार बन गई।

दूल्हे प्रशांत चौधरी ने हेलीकॉप्टर को लेकर बताया कि हम दोनों की इच्छा थी कि हम अपनी शादी में कुछ अनोखा करें। इसलिए शादी में दुल्हन को लेने हेलीकॉप्टर से आये हैं। बहरहाल शादी के लिए हेलीकॉप्टर से दूल्हे के पहुंचने की आसपास के गांवों में भी चर्चा रही।

# महाशिवरात्रि के अवसर पर यूपी के इन मंदिरों में लगी भक्तों की कतार, सीएम योगी ने भी गोरखपुर में किया जलाभिषेक

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

महाशिवरात्रि के अवसर पर उत्तर प्रदेश के विभिन्न शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। काशी विश्वनाथ, मनकामेश्वर, त्रिलोचन महादेव समेत प्रमुख मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और सुरक्षा व्यवस्था रही।

महाशिवरात्रि का पर्व भगवान शिव की उपासना के लिए सबसे पावन और शुभ अवसर माना जाता है। इस दिन शिव भक्त गहरी श्रद्धा के साथ शिवलिंग का जलाभिषेक करते हैं। इस दिन उनकी उपासना से न केवल सुख-समृद्धि की प्राप्ति बल्कि व्यक्ति के बड़े से बड़े दुखों का भी अंत होता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था, इसलिए यह दिन विशेष रूप से पूजनीय है।

कहते हैं कि महाशिवरात्रि दिन शिवलिंग पर केवल एक लोटा जल चढ़ाने से महाकाल प्रसन्न होते हैं और साधक पर अपनी विशेष कृपा बरसाते हैं। महाशिवरात्रि का त्योहार सुहागिन महिलाओं के लिए अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इस दिन शिव परिवार की आराधना करने से वैवाहिक जीवन में प्रेम, विश्वास और मधुरता बनी रहती है। इस दौरान कन्याएं भी मनचाहा वर पाने के लिए निर्जला उपवास रखती हैं।

शिवालयों में उमड़ा भक्तों का सैलाब-उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों में महाशिवरात्रि का पर्व बड़ी



धूमधाम से मनाया गया। वाराणसी, कानपुर, लखनऊ, गोरखपुर, जौनपुर, प्रयागराज और अन्य जिलों में भोर से ही शिवालयों में भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं। हर-हर महादेव के जयघोष से मंदिर परिसर गूंज उठे।

गोरखपुर में धार्मिक उल्लास-गोरखपुर शहर का महादेव झारखंडी मंदिर हो या बाबा मुक्तेश्वर नाथ धाम, मानसरोवर मंदिर या फिर दूर दराज के मंदिरों में बाबा मुंजेश्वर नाथ, दीर्घेश्वरनाथ, समेत सभी प्रमुख मंदिरों पर श्रद्धा के साथ भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा है। बम- बम बोले के जयकारा से मंदिर गूंज रहा है। श्रद्धालु मंदिरों में बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए उत्साहित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में मौजूद हैं। वह भी महाशिवरात्रि पूजन करेंगे।

काशी विश्वनाथ धाम में भक्तों की भारी भीड़-वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर के बाहर सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। मंदिर प्रशासन ने दर्शन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विशेष सुरक्षा प्रबंध किए। भक्त हर-हर महादेव के जयघोष के साथ बाबा के दर्शन के लिए आगे बढ़ रहे थे।

कानपुर के प्रमुख मंदिरों में शिव आराधना-कानपुर के आनंदेश्वर, नागेश्वर, वनखंडेश्वर और सिद्धनाथ नागेश्वर, वनखंडेश्वर, जागेश्वर समेत सभी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। भोर से ही श्रद्धालु जल चढ़ाने के लिए कतारों में लगे हुए थे। मंदिर में विशेष श्रृंगार और रुद्राभिषेक किया गया।

मनकामेश्वर मंदिर में भक्ति का उत्साहल्-लखनऊ के डालीगंज स्थित मनकामेश्वर मंदिर में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ी। मंदिर प्रशासन के अनुसार, महाशिवरात्रि के दो दिन पहले से ही भगवान शिव की हल्दी की रस्म पूरी की गई थी। त्रेतायुग से जुड़े इस मंदिर का विशेष महत्व है।

त्रिलोचन महादेव धाम में कड़ी सुरक्षा

त्रिलोचन महादेव धाम में भोर से ही भक्त पूजन करने पहुंच रहे हैं। त्रिलोचन महादेव धाम मंदिर के प्रबंधक रवि शंकर गिरी ने बताया कि मंदिर में सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था है। बता दें कि एसपी सिटी समेत पुलिस के कई आला अधिकारी सुरक्षा के लिए तैनात हैं।

संभल में विशेष आयोजन-संभल में 46 साल बाद कार्तिकेय महादेव मंदिर के कपाट खुले, जिससे भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। वहीं, भक्तों की सुरक्षा में कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिले के सभी प्रमुख शिव मंदिरों में श्रद्धालु पूजन अर्चन कर रहे है।

चित्रकूट के रामघाट में उमड़े श्रद्धालु-चित्रकूट में बड़ी सख्या में भक्त मंदाकिनी नदी में आस्था के डुबकी लगा रहे हैं। स्नान के बाद भक्त चित्रकूट के राजाधिराज मत्स्यगयेन्द्र नाथ स्वामी के मंदिर में पहुंचकर भोले बाबा का जलाभिषेक कर रहे हैं। यहां भक्तों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। ओम नम शिवाय के जयघोष गूंज रहे हैं।

शिव मंदिरों में शिवरात्रि का उल्लास

रायबरेली के जगमोहनेश्वर, बालेश्वर और भवरेश्वर शिव मंदिरों में लंबी कतारें लगी हैं। फरुर्खाबाद में पांडेश्वरनाथ, कोतवालेश्वरनाथ और द्वादश ज्योर्तिलिंग मंदिर में भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी है। महाभारत कालीन पांडेश्वरनाथ मंदिर में विशेष पूजन-अर्चन जारी है।

श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम-राज्यभर में महाशिवरात्रि के पर्व पर पुलिस और प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। प्रमुख मंदिरों में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई और श्रद्धालुओं को दर्शन कराने के लिए विशेष प्रबंधन किए गए।

भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम- महाशिवरात्रि के इस पावन पर्व पर उत्तर प्रदेश के कोने-कोने में शिवभक्ति की धारा बहती रही। हर ओर श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। इस पर्व ने एक बार फिर से शिव की महिमा और उनकी कृपा की अनुभूति कराई।

# 30 सिंतबर तक पूरा हो जाएगा आईटीएमएस का काम

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गाजियाबाद। इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को समय से पूरा कराने के लिए मंगलवार को नगर आयुक्त ने कार्यदायी एजेंसी के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने 30 सितंबर तक कार्य को पूरा करने का निर्देश दिए।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि शहर के 41 सिग्नलों को इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के तहत 300 हाईटेक कैमरों से लैस किया जाएगा। इसके लिए सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है। इसमें 53 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इससे सीसीटीवी समेत हाई डेफिनिशन कैमरे के जरिये रेड लाइट पर वाहनों के दबाव के हिसाब से रेड/ग्रीन लाइट की टाइमिंग ऑटोमैटिक तरीके से खुद ही सेट हो जाती है। रेड लाइट वॉयलेशन डिटेक्शन कैमरा के जरिये कमांड कंट्रोल रूम में बैठकर ट्रैफिक पुलिस उन वाहन चालकों पर भी निगाह रख सकती है, जो रेड लाइट जंप करते हैं। ये कैमरा ऐसे लोगों की इमेज कैप्चर करने के साथ ही वाहन के नंबर के आधार पर खुद ही चालान काट देता है। बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट वाले चालकों के खिलाफ भी चालान की कार्रवाई इसके माध्यम से आसानी से की जा सकती है।

आईटीएमएस के जरिये ट्रैफिक मैनेजमेंट में तो मदद मिलती ही है, साथ ही साथ कानून व्यवस्था को सुचारु रखने में भी सहायता मिलती है। इसकी मदद से बदमाशों की धरपकड़ में पुलिस को कामयाबी मिलती है। बैठक में निर्माण विभाग मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी को मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान कार्यदायी एजेंसी इफकोन से मोहित गिरधर प्रोजेक्ट हेड, संदीप, नीरज, राजीव, विकास, अमन, अंकित आदि मौजूद रहे।

# डयूटी के दौरान कफ सिरप, होम्योपैथी की दवा नहीं खा सकेंगे लोको पायलट

गाजियाबाद। लोको पायलट अब ड्यूटी के दौरान कफ सिरप, होम्योपैथी की दवाएं, नारियल पानी, माउथ वॉश व सॉफ्ट ड्रिंक नहीं पी सकेंगे। रेलवे बोर्ड ने रेल यात्रा को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया है। यदि लोको पायलट बीमार हैं या फिर उसको खांसी है तो मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर उनको छुट्टी दी जाएगी।

जनवरी माह में लोको पायलट की जांच के लिए अभियान चलाया गया था। इसमें बड़ी तादाद में लोको पायलट ऐसे मिले, जिनकी ब्रेथ एनलाइजर टेस्ट रिपोर्ट फेल पाई गई। जब उनका मेडिकल कराया गया तो रिपोर्ट सही पाई गई। ऐसे में बड़ी तादाद में लोको पायलट ने अधिकारियों से गलत रिपोर्ट आने की शिकायत भी दर्ज कराई थी।

-कई बनाते हैं बहाना : अभियान में कई लोको पायलट ऐसे मिले, जिन्होंने शराब पी हुई थी, लेकिन उन्होंने बहाना बनाया कि उन्होंने कफ सिरप लिया है या फिर होम्योपैथी की दवा खाई है। यह बात उन्होंने अपने स्पष्टीकरण में भी लिखी। इसी बहाने की वजह से अधिकारियों को उनके खिलाफ कार्रवाई करने में दिक्कत आई। इसी को देखते हुए यह नया नियम लागू किया गया है। रेलवे नियम के मुताबिक, यदि कोई लोको पायलट शराब के नशे में ट्रेन दौड़ाता है तो उसका पहले निलंबन व बाद में बर्खास्त की कार्रवाई भी हो सकती है।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

# दूल्हा और दुल्हन के खिलाफ हर्ष फायरिंग का केस दर्ज

मोदीनगर। जयमाला के बाद डीजे फ्लोर पर दूल्हा दुल्हन द्वारा बंदूक लहराने और गोली चलाने के मामले में मोदीनगर पुलिस ने हर्ष फायरिंग की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

घटना से जुड़ा वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि शादी समारोह के दौरान दूल्हा-दुल्हन द्वारा बंदूक लहराने और फायरिंग का वीडियो संज्ञान में आया था। जांच में वीडियो बीती 19 फरवरी को गोविंदपुरी के सारा मार्ग स्थित आरएस फार्म हाउस पर आयोजित शादी समारोह का निकला।

पुलिस के अनुसार गोविंदपुरी निवासी तन्नु चौधरी की शादी दिल्ली के हर्ष विहार निवासी हिमांशु चौधरी के साथ आरएस फार्म में बीती 19 फरवरी को की गई। वायरल वीडियो में तन्नु चौधरी व हिमांशु डीजे फ्लोर पर नृत्य कर रहे थे। इसी बीच हिमांशु राइफल से हर्ष फायरिंग करता है। इसके बाद एक अन्य बंदूक तन्नु को भी दी जाती है। दूल्हा दुल्हन बंदूक व राइफल लहराते हैं। एसीपी ने बताया कि जांच के बाद तन्नु चौधरी व हिमांशु के खिलाफ हर्ष फायरिंग की रिपोर्ट दर्ज की गई है। दोनों अस्लाह स्वामी का पता लगाया जा रहा है। अगर अस्लाह वैध था तो शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# महाशिवरात्रिः गढ़मुक्तेश्वर गंगा नगरी से लेकर शिवालयों तक भक्तों की भीड़, गूंजी भोले बाबा के जयकारे की गूंज

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बृजघाट। उत्तर प्रदेश के गढ़मुक्तेश्वर में भक्तों का तांता लगा हुआ है। यहां सड़कों पर भी भोले बाबा के भक्तों की भीड़ देखने को मिल रही है। गंगा घाट से लेकर शिवालयों तक हर जगह भीड़ दिख रही है।

गंगानगरी समेत संपूर्ण तहसील क्षेत्र में बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व सुबह से ही धूमधाम से मनाया जा रहा। श्रद्धालुओं ने पूरे उल्लास के साथ शिव-पार्वती का पूजन किया। गंगाजल और दूध से जलाभिषेक करने के बाद उनका बेलपत्र, गांजा और फूलों से श्रृंगार किया।



इस दौरान शिवालय हर हर महादेव और बम बम भोले के जयघोष से गूंजते रहे। भोलेनाथ के पूजन के लिए मंदिरों में सुबह से ही लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। वहीं भोले भक्त बृजघाट गंगा में डुबकी लगाने के बाद जयकारे लगाते हुए अपनी अपनी मंजिल के लिए रवाना हुए।

नगर के नक्का कुआं मंदिर, लाल मंदिर, कल्याणेश्वर मंदिर समेत अन्य प्रमुख शिव मंदिरों में भोर होते ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। मंदिरों के बाहर गंगाजल से भोलेनाथ का अभिषेक करने के लिए रात भर से कांवड़िया डेरा जमाए रहे।

सुबह से कांवडियों और श्रद्धालुओं का रेला उमड़ा। मंदिर के बाहर लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। मंदिर में कांवड़ियों और श्रद्धालुओं के प्रवेश के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई। श्रद्धालुओं की भीड़ नियंत्रित करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने मेले का खूब आनंद लिया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।